WWW.NAVPRADESH.COM
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
शुभ दीपोत्सव
बिलासपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 | कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 183 | पृष्ठ-12 | मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

स्वायत्तशासी निकाय होने के बावजूद आय के संसाधन विकसित करने में पूरी तरह नाकाम हैं प्रदेश के नगरीय निकाय

दाढ़ी नगर पंचायत में 6 माह में राजस्व वसूली जीरो, दल्ली नगर पालिका में सिर्फ 5%

■ 45 नगर पंचायतों में 20 फीसदी से भी कम राजस्व वसूली

हनीफ निज़ामी

रायपुर/नवप्रदेश। **नया** राज्य बनने के ढाई दशक बीतने के बावजूद प्रदेश के 14 नगर निगम समेत 56 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायतों में जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने निकायों की आमदनी बढ़ाने की कवायद तक नहीं की। वेतन भुगतान से लेकर बिजली बिल, विकास कार्य और मामूली मरम्मत के कार्यों के लिये सभी नगरीय निकाय शासन का मुंह ताकते हैं। हालत इतनी बदतर है

कि आय के संसाधन बढ़ाना तो दूर, टैक्स वसूली के काम में भी नगरीय निकाय अक्षम साबित हुए हैं।

राजस्व वसूली के मामले में प्रदेश के नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों का हाल नगर निगमों से ज्यादा खराब है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरुआती 6 महीने की राजस्व वसूली के आंकड़े देखकर अंदाज लगाया जा सकता है कि नगरपालिका और नगर पंचायतों के अफसरों ने निगम का खजाना भरने की दिशा में कोई प्रयास ही नहीं किया।

डिमांड की तुलना में 45 नगर पंचायतों में बीते 6 माह में 20 फीसदी से भी कम राजस्व वसूल किया है। बेमेतरा के दाढ़ी नगर पंचायत में तो धेला भर राजस्व भी वसूल नहीं किया जा सका है। यहां राजस्व वसूली का आंकड़ा शून्य प्रतिशत है। बरेला नगर पंचायत में सिर्फ 0.80 प्रतिशत राजस्व वसूल किया गया है। लाल बहादुर नगर, घुमका और बम्हनीडीह में भी राजस्व वसूली का प्रतिशत शून्य है। हालांकि, तीनों नगर पंचायतों में राजस्व डिमांड भी शून्य दर्शाया गया है। दूसरी ओर मरवाही, जनकपुर और इंदौरी नगर पंचायतों ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

आज घर-घर जगमगाएंगे दिये

दीपावली आज, शाम 5:46 बजे से प्रदोष काल

रायपुर/नवप्रदेश। कार्तिक अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपावली का त्योहार इस बार 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। दीपावली की रात को महानिशा कहा जाता है, जब मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और भक्तों को धन-धान्य का आशीर्वाद देती हैं। इस बार तारीख को लेकर असमंजस है, लेकिन ज्योतिषियों के अनुसार, 20 अक्टूबर को प्रदोष और निशीत काल होने के कारण यह तिथि दीपावली के लिए उचित है।

इस बार कार्तिक अमावस्या 20 और 21 अक्टूबर को पड़ रही है। 20 अक्टूबर को दोपहर 3:44 बजे अमावस्या शुरू होगी और 21 अक्टूबर को शाम 5:55 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषियों के अनुसार, दीपावली के लिए प्रदोष और निशीत काल जरूरी है, इसलिए 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाना शुभ रहेगा।

शुभ मुहूर्त और पूजा का समय

दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश पूजा के लिए तीन शुभ मुहूर्त हैं:

- प्रदोष काल: शाम 5:46 से रात 8:18 तक।
- वृषभ काल: शाम 7:08 से रात 9:03 तक।
- सर्वोत्तम मुहूर्त: शाम 7:08 से रात 8:18 तक (1 घंटा 11 मिनट)।
- इस दौरान पूजा करने से मां लक्ष्मी और गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

दीपावली पूजा की विधि

- पूजा के लिए पूर्व या ईशान कोण में चौकी पर लाल/गुलाबी वस्त्र बिछाएं।
- भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित करें।
- गंगाजल छिड़कें, घी का दीपक जलाएं, फूल, फल, मिठाई और खील-बताशे अर्पित करें।
- मंत्र जाप और आरती के बाद शंख ध्वनि करें।
- घर के मुख्य द्वार, नल, छत और उत्तर दिशा में दीपक जलाएं।
- लाल या पीले वस्त्र पहनें, काले-सफेद वस्त्रों से बचें।

दीपावली पर रखें ये सावधानियां

- मिट्टी के दीपक का उपयोग करें और मुख्य द्वार पर आम के पत्तों का वंदनवार लगाएं।
- सात्विक भोजन बनाएं और

आज बेबाक

पाकिस्तान ने भारत को चिढ़ाने के लिए अपनी मिसाइलों के नाम अफगानिस्तान के अक्रांताओं के नाम पर रखे थे। जिन्होंने भारत पर हमला किया था और लूटा खसोटा था। अब उसी अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की बैंड बजाकर रख दी है। वहां की तालिबान सरकार भारत के साथ अपने संबंध सुधार रही है। नतीजतन पाकिस्तान में अब अफगानिस्तानी आक्रांता गजनवी और गौरी के नाम की मिसाइलों का नाम बदलने की कवायद हो रही है। हो सकता है अब उनकी जगह पाकिस्तानी मिसाइलों के नाम डोनाल्ड, ट्रंप और टैरिफ रख दिये जाएं ताकि भारत को फिर से चिढ़ाया जा सके।

दीपपर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली पर्व पर सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

-संपादक नवप्रदेश

अवकाश की सूचना

दीपावली के अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक नवप्रदेश रायपुर सहित समस्त संस्करणों के कार्यालयों एवं प्रेस (मुद्रण संस्थान) में 20 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा।

-महाप्रबंधक नवप्रदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धरती आबा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

धरती आबा के आंगन से विज्ञान भवन तक, कोरिया को मिली राष्ट्रीय पहचान

रायपुर /नवप्रदेश। देश की राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव ऑन आदि कर्मयोगी अभियान में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले ने एक बार फिर अपनी विकास यात्रा से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह में राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मू ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कोरिया जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम एवं राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

154 जनजातीय ग्रामों में विकास की नई मिसाल

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 जनजाति बहुल ग्रामों, बैकुंठपुर ब्लॉक के 138 और सोनहत ब्लॉक के 16 ग्रामों में लगभग 38 हजार जनजातीय परिवारों को शासन की 17 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। शिविरों और डोर टू डोर अभियानों के माध्यम से लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, पीएम जन धन योजना, पीएम किसान ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रीय स्तर पर नवाचारों की सराहना

छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के जनजातीय अंचलों में किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना जिले के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान नवाचार, जनसहभागिता

और सतत विकास की दिशा में कोरिया की उपलब्धियों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा श्यह सम्मान हमारे उन कर्मयोगियों की पहचान है जिन्होंने ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

एनटीए ने घोषित की जेईई मेन की परीक्षा तिथियां

पहला सत्र 21-30 जनवरी तक

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल दोनों सत्रों में आयोजित की जाएगी। एनटीए के अनुसार, सत्र 1 की परीक्षा 21 से 30 जनवरी 2026 के बीच होगी और इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्तूबर, 2025 से ही आधिकारिक वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर शुरू होगी।

उम्मीदवारों के लिए सुविधाः राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने जेईई (मेन) 2026 में अधिक उम्मीदवारों को शामिल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि उम्मीदवारों को ज्यादा दूर न जाना पड़े। साथ ही, दिव्यांग उम्मीदवारों की विशेष जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है, ताकि सभी आसानी से परीक्षा दे सकें।

आवेदन में आधार और नाम संबंधी देखें निर्देश : एनटीए, आधार प्रमाणीकरण के जरिए यूआईडीएआई से उम्मीदवार का नाम, जन्मतिथि, लिंग, फोटो और पता प्राप्त करेगा।

सीईसी ने बिहार विस चुनाव और 8 सीटों पर उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव और 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है कि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष हो, और सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी के तहत प्राप्त पूर्ण अधिकारों का उपयोग करते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण में 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक, जबकि दूसरे चरण में 122 सामान्य पर्यवेक्षक और 20 पुलिस पर्यवेक्षक

तैनात किए हैं। इसके अलावा, 8 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों के लिए 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का पहला दौरा पूरा कर चुके हैं और अब वे संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थायी रूप से तैनात हैं। निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षकों को पूरे चुनावी प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी करने और पारदर्शी, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पर्यवेक्षकों को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

रेलवे ने किया भू-अर्जन, शासन ने बिना सुने आपत्ति निरस्त की

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे की ओर से भूमि का अधिग्रहण करने के मामले में पेश आपत्ति को भू-अर्जन अधिकारी ने बिना सुनवाई किए निरस्त कर दिया। इस प्रकरण पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड सहित राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक द्वारा विद्युत सब स्टेशन निर्माण हेतु ग्राम बेलगहना में भू-अर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की गई। रेलवे प्रशासन की मांग पर भू-अर्जन अधिकारी द्वारा कार्यवाही प्रकरण संस्थित कर कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा प्रारंभिक ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

नई राह : गुड़ियापदर के ग्रामीणों ने उठाया विकास का बीड़ा

शासन की उपेक्षा से तंग आकर ग्रामीण खुद कर रहे सड़क निर्माण

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर बसे गुडिय़ापदर गांव के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन की वर्षों से जारी उपेक्षा से तंग आकर स्वयं सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया है. समाजसेवी शकील रिजवी ने आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं से इस मानवता भरे प्रयास में सहयोग करने की अपील की है।

गुडिय़ापदर वही गांव है, जहां कुछ दिन पहले एक गर्भवती महिला को खटिया को स्ट्रेचर बनाकर कीचड़ और नालों को पार करते हुए डिमरापाल अस्पताल तक ले

जाना पड़ा था. गांव में अब तक सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, बिजली, पेयजल और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों की यह परेशानी नई नहीं कई बार मरीजों को इसी तरह कठिन रास्तों से अस्पताल पहुंचाना पड़ा है।

बुनियादी सुविधा नहीं मिल पाई : गुडिय़ापदर गांव को वर्ष 2021 में ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

बेहतर प्रदर्शन

17 अक्टूबर तक इक्विटी में 6,480 करोड़ रुपए का निवेश किया गया

शेयर बाजार में तेजी का असर, एफपीआई निवेश 6,000 करोड़

मुंबई (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में जारी तेजी अक्टूबर में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में कामयाब रही है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी में 6,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया कि एफपीआई द्वारा 17 अक्टूबर तक इक्विटी में 6,480 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इससे पहले विदेशी निवेशक लगातार तीन महीने शुद्ध विक्रेता थे। एफपीआई ने इक्विटी में सितंबर में 23,885 करोड़ रुपए, अगस्त में 34,993 करोड़ रुपए और जुलाई में 17,741 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके

विजयकुमार ने कहा, एफआईआई रणनीति में इस बदलाव का मुख्य कारण भारत और अन्य बाजारों के बीच मूल्यांकन के अंतर में कमी है। पिछले एक साल में भारत के कमजोर प्रदर्शन ने आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन की संभावनाओं को खोल दिया है।

बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी अच्छा रहा और यह 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी 424 अंक या 1.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,709.85 और सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,952.19 पर था।

खुदरा महंगाई दर में अक्टूबर में आ सकती है बड़ी गिरावट

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति में उच्च आधार प्रभाव, खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी और हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों के कारण अक्टूबर में और गिरावट आने की उम्मीद है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति का दबाव धीरे-धीरे ही बढ़ेगा। बैंक ने कहा कि अक्टूबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के लिए उसका अनुमान 0.50 प्रतिशत से नीचे है। बैंक को उम्मीद है कि खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से गिरावट आएगी और सर्दियों के महीनों के ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

जगदलपुर: विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर टला बड़ा हादसा

ट्रैक पर गिरा विशाल पत्थर, डिरेल हुई ट्रेन

जगदलपुर/नवप्रदेश । जगदलपुर से विशाखापट्टनम जाने वाला रेल मार्ग अवरुद्ध हो गया है। सुबह करीब 3 बजे एक बड़ा सा पत्थर रेलवे ट्रैक के ऊपर आ गिरा, इस घटना से मालगाड़ी से लेकर यात्री ट्रेन दोनों को रोक दिया गया, जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की जानकारी लगते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और पत्थर को हटाने का काम शुरू किया गया।

जानकारी के मुताबिक, आज सुबह केके रेल लाइन पर सुबह एक बड़ा पत्थर आ गिरा। बताया जा रहा है ट्रेन जैसे ही टायडा और

चिमड़ीपल्ली के नजदीक पहुंची कि एक पत्थर ऊपर से सीधा ट्रैक पर गिरा, इस दौरान ट्रेन बेपटरी हो गई। घटना की जानकारी लगते ही देर रात टीम मौके पर पहुंची। पहले पत्थर को हटाया जा रहा है, उसके बाद डिरेल हुई ट्रेन को ट्रैक पर लाया जाएगा। बताया जा रहा है सिंगल लाइन होने की वजह से दूसरी ट्रेन को आने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। जिसकी ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी अगले हफ्ते फूंकेंगे चुनावी बिगुल

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली के बाद 23 अक्तूबर से बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार का बिगुल बजाएंगे। पूरे चुनाव में प्रधानमंत्री चार दिन सूबे को देंगे और प्रतिदिन तीन-तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उनकी जनसभाओं का आगाज 23 अक्तूबर को सासाराम से होगा। इसी दिन पीएम गया और भागलपुर में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी और नीतीश 2025-2030 के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतरे सीएम नीतीश कुमार समेत राजग के सभी नेता जनसभाओं में शिरकत करेंगे।

भाजपा के रणनीतिकारों के मुताबिक पीएम इसके बाद 28 अक्तूबर को मिथिलांचल और राज्य की राजधानी का रुख करेंगे। इस क्रम में दरभंगा, मुजफ्फरपुर में जनसभाओं को संबोधित करने के बाद पटना में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर तीन दिन के ब्रेक के बाद पीएम 1 नवंबर को पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर छपरा में और प्रथम चरण की प्रचार की आखिरी तारीख के पहले 3 नवंबर को पश्चिम चंपारण, अररिया और सहरसा में जनसभाओं को संबोधित करें।

बढ़ सकती है जनसभाओं की संख्या

भाजपा सूत्रों का कहना है कि चूंकि दूसरे चरण का चुनाव 11 नवंबर को है और पहले चरण के मतदान के बाद तीन दिन का समय बचेगा। ऐसे में जरूरत पड़ी को प्रधानमंत्री का एक और कार्यक्रम बनाया जा सकता है। हालांकि अब तक 3 नवंबर तक के कार्यक्रम को ही अंतिम रूप दिया गया है।

चार दिन में 12 जनसभाओं को करेंगे संबोधित

विकास व घुसपैठ होगा मुद्दा

प्रधानमंत्री अपने भाषण में विकास और घुसपैठ को केंद्र में रखेंगे। इस दौरान केंद्र में राजग सरकार के आगमन के बाद राज्य में हुए विकास कार्यों को गिनाएंगे। इसके अलावा सीमांचल सहित कई क्षेत्रों में विदेशी घुसपैठ के कारण बदली जनसांख्यिकी से उत्पन्न खतरे से भी आगाह कराएंगे। प्रधानमंत्री के भाषणों में नारी सशक्तिकरण का मुद्दा भी अहम होगा। खासतौर से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आधी आबादी के स्वरोजगार के लिए शुरू की गई योजनाओं का जिक्र उनके भाषणों में होगा।

राहुल गांधी बिहार से दूर, पड़ रहा प्रभाव

राहुल गांधी ने चुनाव से पहले वोट चोरी पर तो खूब बवाल काटा, लेकिन अब बिहार से जैसे वह दूर हुए, कांग्रेस और महागठबंधन पर उसका प्रभाव खराब पड़ा है। बिहार का चुनाव विचारों से ज्यादा टीम मैनेजमेंट का है। महागठबंधन सीटों पर उलझा, टिकटों पर बिखरा और प्रचार पर अटका है।

एनडीए एकजुट रणनीति से मैदान पर हावी दिख रहा है वहीं एक तरफ फ्रेंडली फाइट की फिजा, दूसरी ओर नीतीश-मोदी की केमिस्ट्री! दीवाली के बाद हवाएं कैसी चलेंगी, उससे ही तय होगा कि 14 नवंबर को बिहार में सत्ता की दीवाली कौन मनायेगा।

बरौली से जनशक्ति जनता दल उम्मीदवार धर्मेंद्र क्रांतिकारी का नामांकन रद्द, बोले-साजिश के तहत फंसाया गया

गोपालगंज(वार्ता)। गोपालगंज जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, कुल 52 नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए हैं। इस दौरान बरौली विधानसभा क्षेत्र से तेजप्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल के उम्मीदवार धर्मेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ धर्मेंद्र क्रांतिकारी का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र यादव उर्फ धर्मेंद्र क्रांतिकारी ने बरौली विधानसभा क्षेत्र से जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था। वे हथकड़ी पहने और पुलिस सुरक्षा में समाहरणालय पहुंचे थे, जहां उनकी मौजूदगी से गहमागहमी का माहौल बन गया। हालांकि, स्क्रूटनी के दौरान उनके शपथ पत्र में आवश्यक जानकारी छिपाने के कारण उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। धर्मेंद्र क्रांतिकारी पर जमीन धोखाधड़ी सहित कई अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं, जिसके चलते वे फिलहाल जेल में हैं। नामांकन दाखिल करने के लिए उन्हें कोर्ट की अनुमति के बाद पुलिस सुरक्षा में लाया गया था। उन्होंने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की थीं, लेकिन शपथ पत्र में अपराध से जुड़ी जानकारी न देने के कारण उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया गया।

टिकट कटने पर राबड़ी आवास के बाहर फूट -फूट कर रोए आरजेडी नेता, फाड़ा कुर्ता, यह बड़ा आरोप भी लगाया

पटना/ मोतिहारी (ए.)। छोटी दिवाली पर राबड़ी आवास के बाहर राजद नेता के विरोध प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस तरह से वह कुर्ता फाड़ कर प्रदर्शन कर रहे हैं, उसकी चर्चा सियासी गलियारे में खूब हो रही है। पूर्वी चंपारण जिले की मधुबन विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जतना दल के पूर्व प्रत्याशी मदन साह का दर्द रविवार को राबड़ी आवास के बाहर फूट पड़ा। उन्होंने पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर अपना कुर्ता फाड़ लिया और फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय यादव पर टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया। मदन साह का आरोप है कि कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी व राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मुझसे दो करोड़ सत्तर लाख रुपये की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। मैं बर्बाद हो गया हूं। बेटा-बेटी की शादी तक टाल दी थी चुनाव के लिए। लालू यादव ने खुद कहा था कि तैयारी करो, पिछली बार कम वोटों से हारे थे। इधर, पार्टी की ओर से इस पूरे मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

मधुबन से लड़े विधानसभा चुनाव

बता दें कि मदन साह 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर मधुबन से चुनाव लड़े थे, जहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राणा रणधीर सिंह ने मात्र 5,878 वोटों के अंतर से हराया था। उस हार के बाद पार्टी ने उन्हें प्रोत्साहित किया और अगली बार मौका देने का भरोसा दिया था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान मदन साह पर यह आरोप लगा कि उन्होंने राजद उम्मीदवार की जगह हृष्ठ प्रत्याशी को अंदरखाने से मदद की। आरोप है कि उनकी भूमिका के चलते ही जदयू की लवली आनंद ने राजद उम्मीदवार ऋतु जयसवाल को करीब 30,000 वोटों से हरा दिया। इसी वजह से पार्टी नेतृत्व उनसे नाराज चल रहा था।

महागठबंधन में कुटुंबा से फूटी दरार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की सीट पर राजद का प्रत्याशी

पटना । बिहार की कुटुंबा सीट को लेकर महागठबंधन के अंदर दरार सामने आई है। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और राजद के संभावित प्रत्याशी सुरेश पासवान आमने-सामने हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी महागठबंधन में सीटों का समीकरण फाइनल नहीं हो सका है। कांग्रेस और राजद के बीच जारी खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। गठबंधन के भीतर 11 सीटों पर घटक दल आमने-सामने आ चुके हैं। इस सियासी तनातनी ने एनडीए को हमले का नया मौका दे दिया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि महागठबंधन में सिर फुटव्वल चरम पर है। पहले चरण का नामांकन खत्म हो गया, लेकिन इनकी सीटें अभी तक तय नहीं हैं। घटक दल एक-दूसरे के खिलाफ नामांकन कर रहे हैं।

जगदीशपुर सीट का समीकरण

पिछले छह चुनाव में तीन-तीन बार जीते राजद-जदयू

■ ऐसा है जगदीशपुर सीट का चुनावी इतिहास

जगदीशपुर। बिहार में विधानसभा चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। पहले चरण का नामांकन पूरा हो चुका है। दूसरे चरण का नामांकन के लिए सोमवार आखिरी दिन होगा। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी होगी। नाम वपासी के साथ ही यह तय हो जाएगा कि कहां किसके बीच मुकाबला होगा। दीपावली के बाद सियासी दलों का चुनाव प्रचार भी और जोर पकड़ेगा। बिहार में 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरण में- 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। पहले चरण में 6 नवंबर को121 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, दूसरे चरण में 11 नवंबर को 122 सीटों पर वोटिंग होगी। इस बार राज्य में कुल 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें लगभग 14 लाख नए मतदाता शामिल हैं, जो पहली बार वोट डालेंगे। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर जिलों में चुनाव होगा।

कब कौन-कौन जीता चुनाव

- 1952- कांग्रेस के सुमित्रा देवी को जीत मिली।
- 1962- प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के शुक्र राम को जीत मिली।
- 1967- कांग्रेस के एस पी राय को जीत मिली।
- 1969- निर्दलीय उम्मीदवार सत्यानारायण सिंह को जीत मिली।
- 1972- कांग्रेस के शिव पूजन वर्मा को जीत मिली।
- 1977 - निर्दलीय उम्मीदवार सत्यानारायण सिंह को जीत मिली।
- 1980 - निर्दलीय उम्मीदवार बीर बहादुर सिंह को जीत मिली।
- 1985- लोकदल के हरि नारायण सिंह को जीत मिली।
- 1990 - भारतीय जन मोर्चा के श्री भगवान सिंह को जीत मिली।
- 1995- जनता दल के हरि नारायण सिंह को जीत मिली।
- 2000- समता पार्टी के श्री भगवान सिंह को जीत मिली।
- फरवरी 2005- जदयू के श्री भगवान सिंह को जीत मिली।
- अक्टूबर 2005- जदयू के श्री भगवान सिंह को लगातार तीसरी बार जगदीशपुर से जीत मिली। कुल मिलाकर यहां उन्होंने चौथी जीत दर्ज की।
- 2010- राजद के दिनेश कुमार सिंह को जीत मिली।
- 2015- राजद के राम विष्णु सिंह को जीत मिली।
- 2020-राजद के राम विष्णु सिंह को जीत मिली।

दूसरे चरण में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई जिलों में चुनाव होगा।

बिहार के 38 जिलों में से एक जिला भोजपुर भी है। भोजपुर जिला तीन अनुमंडल और 14 ब्लॉक में बंटा है। जिले में सात विधानसभा सीट हैं। इनमें- संदेश, बड़हरा, आरा, अगिआंव (एससी), तरारी, जगदीशपुर, शाहपुर शामिल हैं। 'सीट का समीकरण' सीरीज में आज जगदीशपुर विधानसभा सीट की बात करेंगे। जगदीशपुर विधानसभा सीट से 1952 में पहली बार चुनाव हुआ था।

पहले चरण में लालू-नीतीश की पार्टी की सबसे अधिक सीटें दांव पर

■ मैदान में किसके-कितने प्रत्याशी

पटना । महागठबंधन और एनडीए के प्रत्याशी पहले चरण की सीटों पर नामांकन कर चुके हैं। पहले चरण में राजद और जदयू के सबसे अधिक प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इतना ही नहीं पहले चरण में दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान छह नवंबर को है। पहले चरण में 18 जिले के 121 सीटों पर चुनाव होना है। अब तक 1698 विभिन्न दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। 20 अक्टूबर तक नाम वापसी की अंतिम तिथि है। खास बात यह है कि पहले चरण में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाईटेड की सबसे अधिक सीटें दांव पर लगी है। इस बार महागठबंधन की ओर से राजद ने 71, कांग्रेस ने 25, भाकपा माले 13, वीआईपी और सीपीआई छह-छह, सीपीएम और आईआईपी ने दो प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं एनडीए से जदयू ने 57 उतारे हैं। भाजपा के 48, लोजपा (राम) के 14 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो से दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

इन दिग्गजों की किस्मत पहले चरण में दांव पर

पहले चरण में राजद से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राघोपुर और छपरा से भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय, सम्राट चौधरी तारापुर से, मंत्री मंगल पांडेय सीवान से, जिवेश मिश्रा जाले से, संजय सरावगी दरभंगा सदर से, राजू सिंह राजू कुमार सिंह, नितिन नवीन बांकीपुर और लोकगायिका मैथिली ठाकुर अलीनगर सीट, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा से चुनावी मैदान में हैं। वहीं जदयू से मंत्री विजय कुमार चौधरी सरायगंज से, महेश्वर हजारी कल्याणपुर से चुनावी मैदान में हैं।

पटना में बरसे अमित शाह, बोले-घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोटबैंक बनाने वालों को एसआईआर से दर्द होता है

पटना । बिहार दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोटबैंक बनाने वालों को एसआईआर से दर्द होता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोट बैंक बनाने की कोशिश करने वालों को एसआईआर से दर्द होता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो वोट चोरी का हल्ला मचा रहे हैं। वह जानते हैं कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा, यही कारण है उनकी बौखलाहट का। शाह ने कहा, भाजपा इस बात का पुरजोर समर्थन करती है कि पूरे देश में एसआईआर लागू हो और चुन-चुनकर घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाया जाए।

पटना में दो मीडिया समूहों के एक आयोजन में शाह ने कहा कि भाजपा शासित असम में घुसपैठ रुक गई है, लेकिन पड़ोसी पश्चिम बंगाल में यह जारी है। क्योंकि वहां की सरकार अवैध प्रवासियों का लाल कालीन स्वागत कर रही है। देश में घुसपैठियों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर दोष मढ़ने वाले विपक्ष के दावे पर शाह ने कहा, लुटियंस दिल्ली में बैठे लोगों को पता ही नहीं है कि सीमाएं कैसी हैं। बांग्लादेश से लगी सीमा पर घने जंगल और तेज नदियां हैं, जो मानसून के दौरान उफान पर होती हैं। बाड़ लगाना असंभव है, और चौबीसों घंटे निगरानी भी। सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की नावें भी अक्सर बह जाती हैं।

निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी पवन सिंह की पत्नी ज्योति !

■ चर्चा जोरों पर, स्थानीय लोगों ने किया स्वागत

रोहतास । भोजपुरी स्टार पवन सिंह से चल रहे विवाद के बीच उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनके पिता रामबाबू सिंह के अनुसार पवन सिंह ने उन्हें स्वीकार नहीं किया, इसलिए वह चुनाव में उतर रही हैं।

भोजपुरी स्टार और अभिनेता पवन सिंह से चल रहे विवाद के बीच अब उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उतरने का ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, ज्योति सिंह काराकाट विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उनके समर्थकों में इस फैसले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। ज्योति सिंह संभवतः सोमवार को नामांकन दाखिल कर सकती हैं।

पिता ने दिया था संकेत: हाल ही में ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि अगर पवन सिंह उनकी बेटी को स्वीकार कर लेते हैं तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगी, लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगी।

जन सुराज से नहीं बनी बात

कुछ दिन पहले ज्योति सिंह ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर से मुलाकात की थी। इसके बाद यह चर्चा थी कि वह जन सुराज के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि अब संकेत मिल रहे हैं कि प्रशांत किशोर के साथ उनकी बात नहीं बनी, जिसके चलते वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगी।

चुनाव से पहले जेडीयू को बड़ा झटका, औरंगाबाद में पूरी जिला कमेटी ने दिया इस्तीफा

औरंगाबाद । बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जनता दल (यू) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमिटी ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से जिले में जदयू संगठन में भूचाल आ गया है। पार्टी ने संभावित नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल प्रभाव से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

प्रत्याशी चयन बना इस्तीफे की वजह

इस्तीफे के बाद पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि रफीगंज विधानसभा सीट से पार्टी ने जिस व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है, वह जदयू का प्राथमिक सदस्य तक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी जदयू के किसी पुराने नेता को या एनडीए के किसी घटक दल के नेता को टिकट देती, तो कार्यकर्ताओं को कोई आपत्ति नहीं होती। लेकिन पार्टी के इस फैसले से कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसी कारण मेरे समेत पूरी जिला कमिटी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।अशोक सिंह ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वे रफीगंज विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर जिले की बाकी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करते रहेंगे।

संगठन को घर-घर तक पहुंचाया

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने पार्टी संगठन को घर-घर तक पहुंचाया, गुटबाजी को समाप्त किया और पूरे जिले में हर बूथ पर बीएलए-2 की नियुक्ति कराई। उन्होंने कहा कि पद से इस्तीफा देने के बाद भी मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं और रफीगंज को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए काम करूंगा।

जिन्होंने झंडा फूंका, वही प्रत्याशी बन गए

अशोक सिंह ने बिना नाम लिए रफीगंज से जदयू प्रत्याशी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने पार्टी का झंडा फूंका, नीतीश कुमार को गाली दी, वही आज प्रत्याशी बना दिया गया। यह कार्यकर्ताओं को मंजूर नहीं। उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए सबने इस्तीफा दिया है।

शमशान घाट तक नीतीश कुमार के साथः अशोक सिंह ने कहा कि 2009 में जब मैंने अपने पिता और पूर्व विधायक रामाधार सिंह की मौजूदगी में जदयू ज्वाइन किया था, तब उन्होंने नीतीश कुमार को आश्वासन दिया था कि उनका बेटा जीवनभर उनके साथ रहेगा।

'महागठबंधन अब 'महाभ्रमित'.., 2030 की तैयारी करें राहुल-तेजस्वी'

■ बिहार चुनाव पर बोले यूपी के डिप्टी सीएम मौर्य

लखनऊ / पटना / नई दिल्ली। बिहार में सियासी चौसर पर शह और मात के खेल शुरू हो चुके हैं। पहले चरण का नामांकन पूरा हो चुका है। मतदाता छह नवंबर को प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। प्रदेश में बढ़ते राजनीतिक तापमान के बीच भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को नसीहत दी है। बिहार की सियासी सरगर्मियों के बीच उत्तर प्रदेश के डिप्टी ष्टरूकेशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर तंज कसा है।

उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के चेहरे के रूप में ताल ठोक रहे तेजस्वी यादव को पांच साल बाद के चुनाव की तैयारी करने की नसीहत दी है। मौर्य ने एक्स पर लिखे पोस्ट में दावा किया कि बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेगी।

दीपोत्सव का पर्व दीपावली आज, सुख-समृद्धि के लिए होगी मां लक्ष्मी की पूजा

शाम को 7 बजकर 8 मिनट से पूजा का मुहूर्त होगा शुरु, एक घंटा 11 मिनट का समय पूजा के लिए सर्वोत्तम

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीपोत्सव का पर्व दीपावली आज मनाया जाएगा। बाजारों में त्यौहार के पहले ही भीड़ देखी जा सकती है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी दीपावली बाजार सजकर तैयार हो चुका है। सुबह से लेकर देर रात खरीदारों की भीड़ दिख रही है। दीपावली के इस अवसर पर फूल बाजार, मिठाई बाजार सहित लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सड़क किनारे लगे दुकानों में अच्छी खरीदारी हो रही है। त्यौहार के पहले ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया था।

जीएसटी में छूट और परंपरागत खरीदारी की वजह से व्यापार में तेजी देखी जा रही है। वाहन, बिजली उपकरण और कपड़े की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुटी है। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस और दीपावली की खरीदारी से बाजारों में रौनक बढ़ गई है। जीएसटी में छूट के कारण कुछ सामानों के दाम कम होने से ग्राहक उत्साहित हैं और खरीदारी कर रहे हैं। त्योहारी सीजन और धनतेरस-दीपावली की खरीददारी के चलते बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है। दुकानों पर विशेष सेल और ऑफर की वजह से लोग खरीददारी में जुटे हैं। दुकानदारों ने त्योहारी सीजन को लेकर ऑफरों की भरमार लगा रखी है। किसी पर 20 तथा किसी सामान पर 50 फीसदी छूट है। पंडित जागेश्वर अवस्थी ने लोगों के भ्रम को दूर करते हुए बताया कि दीपावली का यह पर्व आज के लिए उत्तम है। शाम को 7 बजकर 8 मिनट से पूजा का मुहुर्त शुरु होगा। एक घंटा 11 मिनट का समय पूजा के लिए सर्वोत्तम रहेगा। इस समय पूरे विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी की पूजा करें।

शहर में 8 स्थानों पर सजा पटाखा बाजार

इस बार दिवाली के लिए शहर में 8 जगहों पर पटाखा बाजार सजे हैं। सबसे बड़ा बाजार अरपा नदी के किनारे गोंड़पारा के पास निर्माणाधीन न्यू रिवर व्यू रोड पर लगा है, यहां 89 दुकानें लगी हैं। दूसरा बाजार ग्रीन पार्क मैदान, मुंगेली नाका में 45 दुकानों से सजाया गया है। अन्य बाजारों में बुधवारी बाजार रेलवे परिक्षेत्र में 70, आत्मानंद स्कूल मैदान, सकरी में 33, अंध मूक बधिर स्कूल के पास, तिफरा में 20, बन्नाक चौक, सिरगिट्टी में 10, मंगला प्राइमरी स्कूल के पास में 7 और राजकिशोर नगर के पास में 5 दुकानों का बाजार लगेगा। इन सभी बाजारों में नगर निगम और यातायात पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के इंतजाम किए हैं, ताकि दुकानदार और खरीदार दोनों सुरक्षित तरीके से दिवाली की खरीदारी कर सकें।

जाने पूजा का मुहूर्त

रतनपुर भैरव बाबा मंदिर के पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि दीपावली (लक्ष्मी पूजा) का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर, सोमवार को रहेगा। शास्त्रों के अनुसार लक्ष्मी पूजा के लिए प्रदोष काल सबसे शुभ माना जाता है। मुहूर्त समय (20 अक्टूबर , सोमवार) अवधि लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 07.08 बजे से रात्रि 08.18 बजे तक 1 घंटा 11 मिनट, प्रदोष काल शाम 05.46 बजे से रात्रि 08.18 बजे तक, वृषभ काल (स्थिर लग्न) शाम 07.08 बजे से रात्रि 09.03 बजे तक निशिता काल (महानिशीथ काल) रात्रि 11.41 बजे से 21 अक्टूबर को 12.31 बजे तक यह दिन धन, समृद्धि और आरोग्य के लिए बहुत शुभ माना जाता है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने जिले के समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। यह पावन पर्व आपके जीवन में खुशियों की रौशनी और समृद्धि का उजाला लेकर आए। माँ लक्ष्मी की कृपा से आपके घर-परिवार में सुख, शांति और स्वास्थ्य सदा बना रहे।

पूर्व मंत्री और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि दीपों का यह त्योहार आपके जीवन से अंधकार दूर कर नई आशा, उत्साह और ऊर्जा का संचार करे। जिले के सभी नागरिकों को दीपावली की मंगलमयी शुभकामनाएं। सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाएं।

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने जिले के प्यारे नागरिकों को दीपावली की ढेरों शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आप सभी का जीवन खुशहाली, प्रेम और भाईचारे से भरा रहे। इस पर्व पर दीप आपके जीवन के हर कोने को रौशन करें।

क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्न सवन्नी ने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। दीपों की यह रौशनी आपके जीवन में सुख, शांति और उन्नति का प्रकाश फैलाए। सभी मिलकर एक स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाएं।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि दीपावली का यह पर्व आपके जीवन में सफलता, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए। जिले के सभी नागरिकों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ दीपावली की हार्दिक बधाई।

मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने दीपावली की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे से परिपूर्ण यह पर्व हम सबके जीवन में आशा और उमंग का प्रकाश भर दे।

बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस दीपावली पर कामना करता हूँ कि जिले का हर नागरिक सुरक्षित, स्वस्थ और प्रसन्न रहे। समृद्धि और उन्नति के नए मार्ग खुले। आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

एसएसपी रजनेश सिंह दीपावली के पावन अवसर पर जिले के समस्त नागरिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपके जीवन को उजाले, प्रेम और सफलता से भर दे। मिलजुलकर एक सुंदर समाज का निर्माण करें।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने सभी को दीपों के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। यह दीपावली खुशियों, उजालों और नई शुरुआत का प्रतीक बने। जिले में शांति और विकास की ज्योति जलती रहे।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने पावन पर्व दीपावली पर जिले के समस्त भाइयों-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में नई उमंग, ऊर्जा और समृद्धि का संचार हो।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने सभी क्षेत्रवासियों को दीपों के इस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपके जीवन में सकारात्मकता और खुशहाली लेकर आए। सुरक्षित और मिलजुलकर दीपावली मनाएं।

एएसपी ग्रामीण अर्चना झा ने समस्त जिलेवासियों को दीपावली की मंगलमय शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी आपके घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास करें। सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाएं।

विधायक अटल के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सीयू में किया प्रदर्शन

- **विश्वविद्यालय प्रबंधन पर छात्रों के साथ अन्याय व छात्र विरोधी नीतियों का लगाया आरोप**

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी एक बार फिर सुर्खियों में है। निष्कासित छात्र सुदीप शास्त्री के समर्थन में एनएसयूआई और कांग्रेस नेताओं ने कुलपति निवास के सामने देर रात तक ज़ोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ,जहाँ कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर छात्रों के साथ अन्याय का आरोप लगाया और छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाज़ी की।

प्रदर्शन के दौरान माहौल गरमा गया जब विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा जब ढाई साल बाद सरकार बदलेगी, तब कुलपति को गुजरात की कब्र से निकालकर भी यहां लेकर आएंगे। उन्होंने दोहराया कि यह विश्वविद्यालय बाबा गुरु घासीदास के नाम पर है, यह छात्रों की है, किसी की निजी जागीर नहीं। विधायक ने चेतावनी दी यदि सुदीप शास्त्री का निष्कासन वापस नहीं लिया गया, तो प्रदेश का सबसे बड़ा आंदोलन यहीं से शुरू होगा। प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने भी कुलपति पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कुलपति को यह समझना होगा कि यह तानाशाही संस्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की आवाज़ का मंच है।अगर छात्रों की बात नहीं सुनी गई,तो जवाब आंदोलन की ताकत से दिया जाएगा।

प्रदर्शन के बाद 30 छात्रों पर एफआईआर

प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एनएसयूआई नेता नीरज पांडे, लक्की मिश्रा, सुदीप शास्त्री, सार्थक मिश्रा समेत 30 अन्य छात्रों पर केस दर्ज किया। हालांकि, विधायक अटल श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को एफआईआर में नामजद नहीं किया गया है।

दीपावली पर न्योता भोज का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीपावली पर्व के पावन अवसर पर रंगोली एवं दिया सजावट की प्रतियोगिता का आयोजन की गई विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वार्ड पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

लायंस क्लब मिडटाउन ने स्कूली बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीपावली पर्व पर लायंस क्लब मिडटाउन ने इस बार समाज में प्रेम और सहयोग का संदेश देते हुए शनिचरी पड़ाव स्कूल के बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाया। क्लब की महिलाओं ने बच्चों संग मिलकर दीप जलाए, फूलझड़ियां जलाईं और त्यौहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मिठाइयां, चॉकलेट, मिक्चर, बिस्किट और फल वितरित किए गए। शिक्षिका प्रेमलता तिवारी, अनामिका राठौर और भामिनी शर्मा ने बच्चों को दीपावली पर्व के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह त्योहार केवल रोशनी का नहीं, बल्कि अच्छाई पर बुराई की जीत और प्रेम, सौहार्द का संदेश देने वाला पर्व है। अध्यक्ष आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, रचना ताम्रकार, संध्या पांडेय, सावित्री मिश्रा और अंजिता उपाध्याय मौजूद रहीं।

त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले कलेक्टर, एसएसपी और निगम आयुक्त

सिम्स चौक के पास पैदल मार्च किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीपावली, भैया दूज और छठ जैसे बड़े त्योहारों के मद्देनज़र बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी सतर्कता के साथ शनिवार की शाम शहर के मुख्य बाजार सदर बाजार में कलेक्टर संजय अग्रवाल एसएसपी रजनेश सिंह और निगम आयुक्त अमित कुमार सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारी सिम्स चौक के पास पैदल मार्च करते हुए बाजार में खरीददारी करने आए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल मार्च का नेतृत्व कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने किया। पैदल मार्च सिम्स चौक और मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए संवेदनशील इलाकों से गुजरा। इस दौरान पुलिस बल की बड़ी संख्या मौजूद रही और अफसरों ने सुरक्षा इंतज़ामों का जायजा लिया।इस मौके पर बिलासपुर सीएसपी निमितेश सिंह, सिविल लाइन टीआई सुम्मतराम साहू, कोतवाली टीआई देवेश राठौर समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवान शामिल हुए। एसएसपी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त गश्त और बल तैनात कर दिया गया है। किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ÷पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को यह भरोसा दिलाना भी ज़रूरी है कि वे सुरक्षित हैं। फ्लैग मार्च के दौरान दुकानदारों और नागरिकों ने पुलिस की पहल की सराहना की।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- **मस्तूरी तिराहा के पास मिला शव**
- **पुलिस कर रही पहचान की तलाश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी थाना क्षेत्र में धनतेरस के दिन सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शनिवार शाम नेशनल हाईवे 49 पर मस्तूरी तिराहा के पास युवक का शव खेत में मिला, जबकि पास में ही उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस का अनुमान है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। मस्तूरी पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी है और बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर से भी जानकारी जुटा रही है। परिजनों के मिलने के बाद ही युवक की पहचान और घटना का पूरा कारण स्पष्ट हो पाएगा।

विडंबना

छठवीं वर्षगांठ कार्यक्रम के लिए धरना स्थल पर आवश्यक बैठक

26 को हवाई सुविधा जन आंदोलन के 6 साल हो रहे पूरे, मांगे अब तक पूरी नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा प्रारंभ किए गए जन आंदोलन के 6 साल आगामी 26 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। समिति ने छठवीं वर्षगांठ पर किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिए रविवार को महा धरना स्थल पर प्रातः 11 बजे बैठक बुलाई गई, जिसमें सभी सदस्यों और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से उपस्थित थे।

गौरतलब है कि एक छोटी शुरुआत के तहत 2019 में 26 अक्टूबर के ही दिन बिलासपुर में एयरपोर्ट विस्तार और हवाई सुविधा के लिए जन आंदोलन प्रारंभ किया गया। विगत 6 सालों में बिलासपुर के जन संगठनों नागरिकों समिति के सदस्यों आदि ने संयुक्त रूप से इस जन आंदोलन को चलकर आशिक उपलब्धि भी हासिल की है आज बिलासपुर में एक एयरपोर्ट संचालित है। यही नहीं बिलासपुर से नागरिकों की जो मूल मांग है कि देश के चारों दिशाओं में काम से कम एक महानगर तक सीधी हवाई सेवा उपलब्ध हो वह भी इन 6 सालों में पूरी नहीं हो पाई है। वर्तमान में बिलासपुर से केवल दो महानगर दिल्ली और कोलकाता का हवाई संबंध है और वह भी सप्ताह में केवल तीन दिन और दो दिन हवाई सेवा इन महानगरों तक उपलब्ध है। हैदराबाद और मुंबई के लिए लगातार मांग होने के बाद भी हवाई सेवा मंजूर नहीं की गई है। बिलासपुर दिल्ली सेक्टर को पूर्व में सप्ताह में सातों दिन हवाई जहाज उपलब्ध था जिसे अभी घटा दिया गया है इन सब कारणों की वजह से यह जन आंदोलन लगातार चलाए जाने की आवश्यकता बनी हुई है। जहां तक बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार की बात है सेना के द्वारा रक्षा मंत्रालय के कब्जे वाली जमीन के दाम 71 करोड रुपए से घटकर 46 करोड रुपए कर दिए जाने के बाद भी अभी तक राज्य सरकार ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

1012 एकड़ जमीन का अधिग्रहण

गौरतलब है कि 2011-12 में सेंस के केंद्र के लिए एयरपोर्ट के चारों तरफ 1012 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर दिया गया था बिना यह सोचे समझे कि भविष्य में एयरपोर्ट के लिए इसकी जरूरत पड़ेगी। आज सेना का प्रोजेक्ट ड्रॉप हो चुका है परंतु जमीन खाली और बेकार पड़ी है फिर भी एयरपोर्ट के लिए उपलब्ध नहीं है।

सुविचार

इंसान घर बदलता है, दोस्त बदलता है, रिश्ते बदलता है फिर भी परेशान रहता है क्योंकि वह खुद को नहीं बदलता - अज्ञात

अंधियारा छटे उजियारा बगरे

पर्व प्रधान हमारे देश भारत में पांच दिवसीय दीपावली पर्व को महापर्व कहा जाता है। धनतेरस से शुरू होने वाले दीपोत्सव का समापन भाईदूज को होता है। भगवान श्रीराम जब चौदह साल का वनवास करने के बाद वापस लौटे थे तब अयोध्या नगरी में हर घर में घी के दीए जलाकर भगवान श्रीराम का वंदन किया गया था। उसी समय से हमारे देश में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस महापर्व को असत्य पर सत्य की जीत के रूप में भी देखा जाता है। दीपावली पर्व का संदेश है कि सब जगह से अंधियारा छटे और उजियारा बगरे। हम सब भी अपने जीवन में अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ते हैं। हमें माटी के उस नन्हें से दीपक से प्रेरणा लेनी चाहिए जो अपने आस पास के अंधियारे को हरता है। जहां तक देश और दुनिया का प्रश्न है तो यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। दुनिया में हथियारों की बढ़ती होड़ के चलते कई देशों के बीच जंग की नौबत आ गई है और इस जंग के कारण उन देशों में सुख शांति और समृद्धि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। रही बात भारत की तो हमारे देश के सामने आजादी के सात दशकों के बाद भी अशिक्षा, गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसा अंधियारा फैला हुआ है। जिसे दूर करके हर घर में विकास का उजियारा फैलाने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है। जब तक समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की कुटिया तक विकास का उजियारा नहीं पहुंचेगा तब तक प्रगति बेइमानी ही कही जाएगी। देश में विभिन्न समस्याओं रूपी अंधियारे को दूर करने के लिए हमारी सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। किसानों की दशा और कृषि की दिशा बदलने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है जिसके चलते आज हमारा देश कृषि के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है लेकिन किसानों की दशा में अभी भी अपेक्षित सुधार नहीं आया है। सरकार को अपने प्रयास और तेज करने होंगे। तभी सही मायनों में हमारा देश खुशहाल होगा। वैसे आर्थिक मामलों में भारत की प्रगति संतोषजनक है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और आने वाले कुछ वर्षों में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि शीघ्र ही भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगी और भारत दुनिया में विश्व गुरू की भूमिका निभाने में भी कामयाब होगा। यह तभी संभव है जब प्रत्येक भारतवासी अपने देश के विकास और नवनिर्माण में सहभागी बने और भारत का विकासशील देशों की सूची से विकसित देशों की सूची में शामिल करने के लिए तन, मन, धन से जुट जाये। जब हम इस लक्ष्य को पूरा कर लेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारे इस भागीरथ प्रयासों से प्रेरणा लेंगी। दीपावली पर्व आत्मचिंतन का भी अवसर प्रदान करता है इस दिन हम सुख शांति और समृद्धि प्रदान करने वाली मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं और एक साल के भीतर हमने क्या खोया और क्या पाया इस पर गहन चिंतन करते हैं ताकि अपने आने वाले कल को हम आज से भी बेहतर बना सकें। इसी तरह हमें अपने देश के प्रगति की भी समीक्षा करनी चाहिए और देश के विकास में हम क्या योगदान दे सकते हैं इस पर भी विचार करना चाहिए। सभी के समवेत प्रयासों से ही हमारा देश भारत प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा और हर घर परिवार में विकास का उजियारा फैलेगा। इसी मंगल कामना के साथ दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से समस्त देशवासियों और पाठकों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकानाएं।

दीप पर्व पर हंस पड़ी दीपों की लड़ियां।
बार-बार जीवन में आये ये मंगलमय घंड़ियां।।

दीपों की पवित्र आभा से आलोकित वैश्विक दीपावली उत्सव

संजीव ठाकुर

यह सर्वविदित है कि भारत त्योहारों और पर्वों की भूमि है — एक ऐसा देश, जहाँ ऋतुएँ बदलती हैं तो उनके साथ लोक-जीवन में उल्लास की नई धारा प्रवाहित हो उठती है। भारत का प्रत्येक उत्सव केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि संस्कृति, श्रद्धा, कृतज्ञता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सर्वोच्च और सर्वप्रिय है। आज दीपावली की ज्योति केवल भारत के आँगन में ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में प्रज्वलित होती है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, चीन, जापान जैसे देशों में बसे भारतीय समुदाय इसे पूरे श्रद्धा, स्नेह और संस्कारों के साथ मनाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो व्हाइट हाउस के द्वार दीपावली पर्व के लिए विशेष रूप से जनता हेतु खोल दिए और यह कहा कि — ÷व्हाइट हाउस जनता का ही है, और दीपावली का यह उत्सव सबके लिए है।÷ ग्रेट ब्रिटेन में भी यह पर्व भारत की ही भाँति उल्लास, दीपमालाओं और पारंपरिक सज्जा के साथ मनाया जाता है।कार्तिक अमावस्या की रात को जब अनगिनत दीप अपने छोटे-से अस्तित्व से अंधकार को चुनौती देते हैं, तब वह अमावस्या मानो शरद पूर्णिमा में रूपांतरित हो जाती है। यह दीपोत्सव केवल ज्योति का नहीं, आत्मा के आलोक का पर्व है। पौराणिक परंपरा के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात सीता एवं लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटकर रावण पर विजय प्राप्त की थी। उनके स्वागत में सम्पूर्ण अयोध्या नगरी घी के दीपों से आलोकित हो उठी। इस विजयोत्सव के रूप में तब से यह पर्व अनवरत रूप से मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, समुद्र-मंथन के समय इसी दिवस पर देवी लक्ष्मी का प्रादुर्भाव हुआ था; अतः इस दिन लक्ष्मी पूजन का अत्यंत शुभ महत्व है। दीपावली की रात जनमानस प्रतीक रूप में आशा और स्वागत की प्रतीक्षा में द्वार खुले रखते हैं, दीप जलाते हैं — मानो कह रहे हों, ÷हे सौभाग्य, हे प्रकाश, हमारे घर में पधारो।÷ व्यापारी समुदाय के लिए यह पर्व नववर्ष का आरंभ भी है। वे इस दिन अपने पुराने बही-खाते समाप्त कर नवीन लेखे आरंभ करते हैं — यह नवता, स्वच्छता और शुभारंभ का प्रतीक है।

वर्तमान संदर्भ में दीपावली का महत्व और भी व्यापक हो जाता है। यह दिन आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस के रूप में भी स्मरण किया जाता है। इसी प्रकार जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण भी इसी पावन तिथि को हुआ था। अतः आर्य समाज तथा जैन समुदाय के लिए यह दिन श्रद्धा, साधना और प्रकाश का विशेष पर्व है। दीपावली केवल घरों की सजावट का त्यौहार नहीं यह शरीर, मन और आत्मा की स्वच्छता का पर्व है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई के साथ-साथ अंतःकरण के विकारों को भी धोने का प्रयास करते हैं। दीपों की लौ केवल दीवारों को नहीं, अंतरतम के अंधकार को भी आलोकित करती है। इसी उजास से उत्पन्न होती है सच्ची सम्पन्नता भौतिक नहीं, आध्यात्मिक। बाजारों की रौनक, मिठाइयों की मिठास और स्वर्णाभूषणों की चमक से भी परे, दीपावली का वास्तविक अर्थ है आशा, करुणा और ज्ञान का प्रसार। यही कारण है कि यह पर्व राष्ट्र की आर्थिक चेतना के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन चुका है। धनतेरस से दीपावली तक करोड़ों-अरबों का व्यापार होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में भी नवोन्मेष का संचार होता है।

मुख्य धारा में लौटते नक्सली

छत्तीसगढ़ से अब नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से छत्तीसगढ़ से नक्सली उन्मूलन को प्रत्याशी सफलता मिल रही है। बस्तर के अलग-अलग क्षेत्र से अभी 210 नक्सलियों ने आत्म सर्मपण किया है। समर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पूरी सुविधा दी जाएगी।

सतीश उपाध्याय

विगत दिनों बस्तर डिवीजन की महिला नक्सली गीता उर्फकमली ने आत्म समर्पण के दौरान बहुत अच्छी बात उसने कही थी। गीता ने कहा था कि -अब जंगलों में नहीं बल्कि सम्मान के साथ सिर उठाकर समाज के बीच रहकर जीवन जीना चाहती है। गीता की इस बात को बस्तर के उन सभी कमजोर असहाय पढ़ चुके नक्सलियों को आत्मसात करना चाहिए। क्योंकि नक्सलियों के पास अब दो ही रास्ता है या तो वे आत्मसम्मान से स्वयं को सरकार के सामने हथियार डाल दें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। नक्सली उन्मूलन की जैसे-जैसे तिथि करीब आ रही है ।छत्तीसगढ़ में माओवादियों की चूलें हिल रही है। देश में आतंकवादी गतिविधियों की समीक्षा एवं उन्हें नियंत्रित करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही नक्सलवाद, साइबर क्राइम और ड्रग्स जैसे चुनौतियों से निपटने के लिए भी अब निरंतर व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलीय समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए 31 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। इस लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ में तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। कभी बिहार व झारखंड जैसे दुर्गम क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद के चपेट में थे, आज वहां शांति एवं अमन चैन है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से नक्सलियों के खिलाफ निरंतर ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं, ।सरकार की कोशिश है की विकास योजनाओं का लाभ सहज एवं सरल रूप से आम जनता तक पहुंचे। छत्तीसगढ़ सरकार यह अपील बार-बार करती रही है कि नक्सलवाद में शामिल व्यक्ति हिंसा छोड़कर मुख्य धारा से जुड़े इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास योजनाएं भी चलाई जा रही है। इस योजनाओं का व्यापक असर भी हुआ है बड़ी संख्या में नक्सली अब आत्म समर्पण कर रहे हैं। नक्सलियों को अब उन्हीं की भाषा में समझाया जा रहा है।

दक्षिण बस्तर में निरंतर सुरक्षा कैंपों की

संख्या को बढ़ाया जा रहा है ,जिससे उन क्षेत्रों में नक्सलवाद को समूल नष्ट किया जा सके। राज्य की पुलिस एवं विभिन्न गुप्त एजेंसियों के समन्वित प्रयास से एवं क्रमबद्ध रणनीति के परिणाम स्वरूप दंतेवाड़ा, नारायणपुर की सीमा से लगे थुलथुली जैसे दुर्गम क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के एक बड़े एनकाउंटर को सफलता मिली । इस ऑपरेशन में 1000 से अधिक जवान शामिल थे जिन्होंने एक साथ 30 से अधिक नक्सलियों का सफाया कर दिया था। इस ऑपरेशन में, वे प्रमुख माओवादी भी मारे गए थे जिन पर करोड़ों रुपए का इनाम घोषित था। अब धुर नक्सली क्षेत्रों में मोबाइल का नेटवर्क पहुंच चुका है । ऑपरेशन की सटीक रणनीति के लिए राज्य अन्वेषण एजेंसी काम कर रही है। केंद्र सरकार की नक्सल उन्मूलन योजना के तहत बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। भारत नेट परियोजना के तहत केंद्र सरकार ने बस्तर को प्राथमिकता के क्रम में रखा है।

बस्तर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा से नक्सलियों के खिलाफऑपरेशन में बड़ी मदद मिल रही है । इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाले जांबाज जवानों को निरंतर राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। साथ ही बस्तर के नौजवानों से भी निरंतर अपील की जा रही है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर अपने उज्जवल भविष्य के लिए मुख्य धारा में शामिल हो जावें। अब छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हर 5 किलोमीटर में एक सुरक्षा कैंप स्थापित कर किया गया है। बस्तर में लगातार खुल रहे जवानों के सुरक्षा कैंपों के कारण मुठभेड़ में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर भयभीत होकर वे आत्मसमर्पण कर रहे हैं। कुछ दिन पहले दंतेवाड़ा नारायणपुर जिले के सीमाई क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कई शीर्ष नक्सली मारे गए थे। सुरक्षा कैंप बढ़ाने में केंद्र सरकार विशेष सहयोग प्रदान कर रही है। बस्तर जैसे दुर्गम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 4000 से अधिक जवानों की चार बटालियनों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है।

संपन्न विकसित भारत के लिए स्वस्थ्य भारत का संकल्प जरुरी

आलोक मेहता

दीपावली पर दिल्ली में दो लाख और अयोध्या में छब्बीस लाख के साथ देश में करोड़ों दीप जलाएं 7 महालक्ष्मी के साथ सरस्वती की पूजा कर परिवार के साथ सम्पूर्ण भारत को संपन्न विकसित भारत की अर्चना करें। प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में इस पूजा अर्चना का लक्ष्य ही सामाजिक आर्थिक प्रगति के लिए रहा है। लेकिन ' स्वस्थ्य भारत ' के बिना शिक्षित , संपन्न विकसित भारत ' बन सकता है। इसलिए संस्कृति के अनुसार स्मरण करें - लक्ष्मी पूजा से पहले ' भगवान् धन्वन्तरि की पूजा का प्रावधान है। आर्थिक बाजारवाद ने इसके बजाय ' धनतेरस ' नाम से सोना या अन्य वस्तुएं , सम्पत्ति खरीदने पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है।

भारत सरकार ने वर्ष 2016 से प्रत्येक वर्ष धनवंतरि जयंती (धनतेरस) के दिन आयुर्वेद दिवस मनाना आरंभ किया। इसका उद्देश्य है आयुर्वेद के सिद्धांतों, औषधीय पौधों और जीवनशैली से जुड़ी जागरूकता को बढ़ाना। भारतीय परंपरा के अनुसार आयुर्वेद का ज्ञान भगवान धनवंतरि से प्रारंभ हुआ, जिन्हें भगवान ब्रह्मा से यह ज्ञान प्राप्त हुआ था। आयुर्वेद दिवस भगवान धनवंतरि के योगदान का सम्मान है, जो हमें प्राकृतिक और संतुलित जीवन की दिशा दिखाता है।आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य को प्राप्त करने पर बल देती है। आयुर्वेद शब्द संस्कृत के दो शब्दों से बना है आयु अर्थात जीवन और वेद अर्थात ज्ञान। इस प्रकार आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का ज्ञान। वर्तमान में भारत में आयुर्वेद की स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर की व्यवस्थित शिक्षा उपलब्ध है। निजी और सरकारी क्षेत्रों में सशक्त संस्थागत ढांचा विकसित हुआ है। आयुर्वेद चिकित्सकों और औषधि निर्माताओं का विशाल नेटवर्क स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचा रहा है।अब आयुर्वेद को 24 देशों में पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में कानूनी मान्यता प्राप्त है। यह भारत की एक बड़ी उपलब्धि है। अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे एससीओ एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन, बिम्सटेक टास्कफोर्स ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन और ब्रिक्स हाई-लेवल फोरम ऑन ट्रेडिशनल मेडिसिन के माध्यम से आयुर्वेद के सिद्धांतों और नीतियों का वैश्विक आदान-प्रदान हो रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आईसीडी-11 TM Module 2 में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी पद्धतियों के लिए रोग कोड शामिल किए हैं। इससे आयुर्वेदिक उपचारों का सटीक दस्तावेजीकरण और मान्यता संभव हुई है। WHO ने आयुर्वेद की प्रैक्टिस और प्रशिक्षण के मानक तय किए हैं। गुजरात के जामनगर में ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर की स्थापना इस दिशा में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि है। नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के 7वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह भारत का अमूल्य उपहार है। आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित समग्र स्वास्थ्य का संदेश देता है।

हमारे समाज में वृक्षों और औषधीय पौधों के गुणों का ज्ञान सदियों से रहा है। आधुनिकता के दौर में जब हम प्रकृति से दूर हुए, तब हमने इस परंपरागत ज्ञान को भुला दिया। अब पुनः लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। आज इंटीग्रेटिव सिस्टम ऑफमेडिसिन का विचार पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार आयुष और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दे रही है। पिछले दस वर्षों में आयुष प्रणाली का विस्तार 100 से अधिक देशों तक हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का पहला पारंपरिक चिकित्सा केंद्र भारत में स्थापित किया जा रहा है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ हर आदमी को अच्छा एक्टर होना चाहिए श्री की तरह। श्री कृष्ण हमारे आइडियल हैं और बेस्ट एक्टर हैं इस वर्ल्ड के। आप भी एक्टिंग अच्छा करो, जब भी करो खूब सुंदर एक्टिंग करो हर मुश्किल में मुस्कुराने का।

❖स्वस्थिति से परिचय हो गया है अब परिस्थिति की चिंता क्यों करें?

❖ प्रकृति तुम्हें अधिकार नहीं दी दुखी होने का और तुम दुखी हो गए? मौज करिए, मौज में रहिए और मस्त रहिए और परिस्थिति के लिए बस यही सोचिए आई है तो जायेगी भी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1568 : मुगल सम्राट अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर हमला किया। 1740: मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने। 1774: कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बना। 1880: एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1904: चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया। 1905: रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई। 1921 : फ्रांस और तुर्की के बीच अंकारा संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1946: वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने इस दिन को महिला दिवस के रूप में घोषित किया। 1947: अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। 1962 : सीमा को लेकर चल रहे लंबे विवाद के बाद भारत और चीन के बीच युद्ध की शुरुआत। 1970: सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया। 1973 : ऑस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाउस को जनता के लिए खोला गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

करके सफाई घर

करके सफाई घर का कोना मालूमात हुआ घर का कोना । जिंदगी महका इंसानियत से दीपक से घर आँगन सलोना। जोड़ने बाँटने से बढ़े खुशियाँ छोटी बून्दी का लड्डू हो जाना मिट्टी का दीया ख़रीदो जरूर गरीब को भी है दीये जलाना। कोई तो एटम बम पे पगलाया किसी का फुलझड़ी से इतराना। दीवाली में दीवाली का ये कहना नेह की बाती लगाने भूल न जाना। जाले अंतरमं के रंजोगम मिटाओ खुशी का त्यौहार खुशी से मनाना । उलझ कर भी झालर करते रोशन रोशनी के साए में जीवन है बिताना । - **सुरेश वैष्णव**

किसी का तुम कभी

किसी का तुम कभी अपमान मत करना ज़रूरत से बड़ा सम्मान मत करना कोई मुट्ठी में इसको भींचकर जाए अपने दिल को यूं भी नादान मत करना कोई अहसान की क़ीमत न जाने गर कभी उस शख्स पर अहसान मत करना खुदा जो दे नहीं सकता कभी तुमको कभी उस चीज़ का अरमान मत करना तभी करना मुहब्बत रूह कहती हो ज़रूरत से ये मेरी जान मत करना। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

हर सवाल पर .....जवाब



हर सवाल पर .....जवाब आ जाये मगर, हर जवाब पर फिर इक सवाल आता है । ज़िंदा हैं अगर हम सिर्फजीने के लिये ...... जीने के लिये क्यों ज़िंदा होने का ख़्याल आता है। - **शिखा लाहिरी**

सागर-मंथन के मोती-सी होती है हर

सागर-मंथन के मोती-सी होती है हर कविता शायद... सागर-सागर करती तो है, पर सहमी भी सरिता शायद... जाना भी है पार मगर, हाँ रहना भी इस पार उसे है, सरिता की इस मन-पीड़ा को, कम करती हो कविता शायद... - **अलका अग्रवाल**

परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर

परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर चार दिवारी के अंदर अपने सुझाव रखकर विकास कार्य करते हैं। समाज के सभी सदस्य एक दूसरे से जुड़कर अपनी बात रखते हैं, जो व्यक्ति बैठकर अपनी बातों को न उलझा कर गली एवं सड़कों पर अपने विचार रखते हैं। उन्हें चुगलखोर निंदा, अत्यधिक होशियार एवं ज्ञानी कहा जाता है। - **गौरी पटले**

गुड़िया रानी हो रही ,गुमसुम

गुड़िया रानी हो रही ,गुमसुम और उदास। इम्तिहान की आ रहीं,घड़ियाँ ज्यों-ज्यों पास।। घड़ियाँ ज्यों-ज्यों पास,करे दिन भर तैयारी। उलटे - पलटे खूब, किताबें कॉपी सारी। भूल गई सब खेल, न भाएँ उसे कहानी। पूछे सबसे प्रश्न, दुखी है गुड़िया रानी।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

बियाबां ज़ीस्त का सहरा मिला है !

बियाबां ज़ीस्त का सहरा मिला है ! जहाँ अरमां का दम घुटता मिला है!! चमकता था कभी क़िस्मत का तारा , मगर अब चाँद भी टूटा मिला है ! मिटा कर अपनी हस्ती को किसी पर , निगाहे-नाज़ का सदक़ा मिला है ! है चेहरे पे क्यों हैरत की फ़राख़ी , खुशी पाई है या सदमा मिला है ? 'वफ़ा' है मुत्मइन इस ज़िन्दगी से , खुदा से जो मिला अच्छा मिला है !

- कविता सिंह

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आपका आज के दिन का पहला भाग निराशा से भरा रहेगा। सम्पति का विवाद अथवा धन सम्बंधित कारणो से मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे लेकिन किसी के आगे प्रकट नहीं होने देंगे।

वृषःआज का दिन मिला-जुला फल देगा। दिन के पूर्वार्ध में थोड़ी बहुत स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते रह सकती है। आलस्य के कारण कार्य में मन नहीं लगेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन सामान्य रहेगा।

मिथुनः आज के दिन आपका लक्ष्य मुख्य रूप से भौतिक संसाधनों में वृद्धि करना रहेगा। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिल जायेगी। भागीदारी के कार्य आज सावधानी से करें छल होने का भय है।

कर्कःआपका आज का दिन विषम परिस्थिति वाला रहेगा। आज आपके वाणी अथवा व्यवहार से किसी का अहित भी हो सकता है। कार्यो में असफलता मिलने से क्रोध अधिक रहेगा।

सिंहःआज का दिन लाभदायक रहेगा। आज आप निश्चिन्त होकर दिनचर्या बितायेंगे। कार्य क्षेत्र पर सहयोगी वातावरण रहने से आशा से अधिक लाभ कमा सकते है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। किसी परिचित की समस्या का समाधान करने पर सामाजिक क्षेत्र पर आज आपकी छवि बुद्धिमान जैसी बनेगी।

तुलाः आज का दिन आप सुख-शांति से व्यतीत करेंगे। स्वास्थ्य आज सर्दी जुखाम के कारण नरम रह सकता है फिर भी आपकी दिनचर्या पर इसका विशेष असर नहीं पड़ेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। शरीर में दर्द की शिकायत रह सकती है जिस कारण कार्य में व्यधान पड़ सकता है।

धनुः आज का दिन भाग्य पक्ष मे वृद्धि कराने वाला रहेगा। आज के दिन आप में धर्म कर्म के प्रति विशेष लगाव रहेगा। गूढ़ विषयो को जानने में अधिक रुचि लेंगे।

मकरः आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। परन्तु सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा। पुराने लटके कार्यो में गति आएगी। नई योजनाएं अधिक फलीभूत होंगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में कार्य क्षेत्र पर बेहतर वातावरण मिलने से धन लाभ होगा। इसके बाद का समय गलत निर्णय लेने से हानिकर रहेगा।

मीनःआज का दिन आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। रिश्तों को आज अहमियत दे अन्यथा व्यर्थ में अशान्ति बढ़ेगी। उधारी के व्यवहारों के कारण भी आज परेशान रहेंगे।

QUIZ TIME

1) भारत ने जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप 2024 में कितने पदक जीते?

2) चौखंबा चोटी किस राज्य में स्थित है?

3) हाल ही में पहला बोडोलैंड महोत्सव कहाँ उद्घाटित हुआ?

4) वर्ल्ड टॉयलेट डे 2024 का थीम क्या है?

5) हाल ही में खबरों में देखा गया काकापो एक उड़ान रहित तोता है। यह किस देश का मूल निवासी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चार (2) उत्तराखंड (3) नई दिल्ली (4) [illegible] (5) न्यूज़ीलैंड

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -204

न्यूज गैलरी

उरला में मारपीट से आहत युवक ने लगाई फांसी

रायपुर/नवप्रदेश। उरला इलाके में मारपीट से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस मामले में एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक मठपारा बीरगांव में राहुल विश्वकर्मा अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान एक लड़के की बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इससे नाराज सैफ अली, राजुद्दीन खान, सैफुद्दीन अंसारी व अन्य ने राहुल से मारपीट की और बाइक मरम्मत के नाम पर 10-15 हजार रुपए की मांग की। उसे रुपए लाने के लिए कहा गया। इससे परेशान होकर राहुल ने खुदकुशी कर ली। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सैफ को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी सैफ को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। सुबह करीब 5 बजे करीब वह बाथरूम गया। इस दौरान नाइट ड्यूटी में सिपाही भी तैनात था। इस दौरान आरोपी हथकड़ी खोलकर बाहर निकल गया। इसके बाद थाने से निकलकर भाग निकला। इसकी जानकारी होने पर उसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं।

खुलेआम युवक को पीटा फिर पत्नी के पैर चटवाए

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में हिस्ट्रीशीटरों का आतंक है। सिविल लाइन इलाके के एक बदमाश ने खुलेआम एक युवक की पिटाई की। इसके बाद अपनी पत्नी के पैर चटवाए। इसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक न्यू शांति नगर के श्मशान घाट में हिस्ट्रीशीटर विक्की खोजड़ और उसके साथियों ने गरियाबंद के युवक नानू सिन्हा की जमकर पिटाई की। इसके बाद अपनी पत्नी के पैर चटवाए। इसका वीडियो बनाकर वायरल कराया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी विक्की अस्पताल में भर्ती मिला।

पशु पक्षी प्रदर्शनी का आयोजन 23 और 24 को सेमरा

गौरेला पेंड्रा मरवाहीर/नवप्रदेश। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सेमरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास 23 और 24 अक्टूबर को सुबह समय 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सभी कृषको एवं पशुपालको से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। 23 अक्टूबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन, वतस्य एवं कृषकों से परिचर्चा होगी। 24 अक्टूबर को विभिन्न प्रजाति, नस्ल, आयु समूह तथा उपयोगिता आधारित पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुधारू गाय भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, स्वस्थ बछड़ा बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, सांड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, बैल भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, मुर्गी बतख, जापानी बटेर पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बकरा बकरी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत सूकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता और विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को वितरण किया जाएगा।

जमीन विवाद: बुजुर्ग ने की दूसरे बुजुर्ग की हत्या

बालोद/नवप्रदेश। मृतक जगतराम सिन्हा उम्र 68 वर्ष ग्राम करियाटोला तुमड़ीकसा थाना मंगचुवा की हत्या 17 अक्टूबर 2025 के सुबह 06:00 बजे हो गई। जब वह शौच हेतु नरवा खेत रपटा रोड़ तरफगया था। पंचूराम के खेत के सामने रोड़ पास बालाराम सिन्हा उम्र 66 वर्ष मिल गया। जिससे जमीन की बात को लेकर विवाद होने पर बालाराम द्वारा जगतराम सिन्हा के गला को मारकर व तेंदू पेड़ के डण्डा से पीठ को मारकर चोंट पहुचाने से जगतराम बेहोश हो गया था। जिसे चस्मदीद गवाहन टीकमलाल पकड़कर रखा था व देवन सिंह जगतराम के घर वालो को बताने व पानी लेने जगतराम के घर गया। जिसकी जानकारी जगतराम के घर वालो को देने पर जगतराम का नाती दुर्गेश अपने साथी खेमलाल के साथ मोटर सायकल में देवन के बताये स्थान पर जाकर मोटर सायकल में बैठाकर बेहाशी हालत में जगतराम को घर लेकर आये थे। जहां कुछ देर बाद जगतराम की मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र रूपेन्द्र कुमार सिन्हा उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम करियाटोला तुमड़ीकसा की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 26/2025 धारा 103(1) बीएनएस कायम की गई।

मंत्री राजवाड़े ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों संग मनाई दीवाली, चेहरों पर लौटी मुस्कान

वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर, उनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज की नींव मजबूत

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली के अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने माना रायपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीवाली पर्व की खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने स्वयं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और बुजुर्गों को मिठाई, नए वस्त्र एवं उपहार प्रदान किए।

वृद्धजनों के बीच बैठकर उन्होंने आत्मीय संवाद किया और उनके स्वास्थ्य तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमारे ये वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज की नींव मजबूत होती है। शासन का प्रयास है कि वृद्धजन सम्मानपूर्वक और आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत करें।

कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम परिसर को दीपों और रंगोलियों से सजाया गया था। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मिलकर बुजुर्गों के साथ दीप जलाए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार वृद्धजनों के कल्याण हेतु वृद्धजन सेवा योजना, पेंशन सुविधा, स्वास्थ्य जांच शिविर, मानसिक-सामाजिक परामर्श केंद्र जैसी योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है।

राजवाड़े ने कहा कि दीवाली केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि संवेदनाओं को साझा करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे इस पावन पर्व पर अपने आसपास के बुजुर्गों से मिलें, उनका आशीर्वाद लें और उन्हें अपनत्व का अहसास कराएँ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से बस्तर को मिली बड़ी सौगात

ऐतिहासिक कदम, प्रदेश का पहला वन विज्ञान केंद्र खुलेगा आसना में

आदिवासियों और किसानों की आजीविका को मिलेगी नई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में वन आधारित अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत प्रयासों और वनांचल के विकास की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप, आसना पार्क में प्रदेश का पहला वन विज्ञान केंद्र स्थापित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हमेशा से आदिवासियों के पारंपरिक ज्ञान और उनके जीवन को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सशक्त करने पर जोर दिया है और यह केंद्र उनके इसी विज़न को साकार करेगा।

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से मात्र पांच किलोमीटर दूर स्थित वन विज्ञान केंद्र की स्थापना में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप का विशेष प्रयास रहा है। उनकी पहल पर केंद्र को स्वीकृति मिली है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण वनोपजों की गिरती मात्रा को रोकने के साथ अधिक उत्पादन हेतु शोध करते हुए ग्रामीणों की आय को तेजी से बढ़ाना है। यह केंद्र न केवल स्थानीय समुदायों की

आर्थिक स्थिति को सशक्त करेगा, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

ज्ञान और तकनीक का अनूठा संगम

100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले आसना वन विज्ञान केंद्र वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने का एक मॉडल बनेगा। केंद्र में स्थानीय आदिवासियों और वन कर्मियों को कृषि-वानिकी, औषधीय पौधों की खेती, वनोपज के मूल्य संवर्धन, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसी नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां सागौन और हल्दी जैसी फसलों के साथ मिश्रित खेती के मॉडल किसानों को आय और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही यहां सर्पगंधा, अश्वगंधा, ब्राह्मी जैसे पौधों की खेती, जिसमें भंडारण और प्रसंस्करण की तकनीकों पर विशेष जोर रहेगा। इस केंद्र में इमली, गोंद, और महुआ जैसे वनोपज के प्रसंस्करण से लोगों की आय में वृद्धि होगी। यहां मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे मॉडल ग्रामीणों को नए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

सुविधाओं से लैस होगा केंद्र

वन विज्ञान केंद्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिसमें व्याख्यान कक्ष, प्रदर्शन हॉल, और प्रशिक्षुओं के लिए आवासीय सुविधाएं रहेंगी। साथ ही मृदा परीक्षण, पानी की गुणवत्ता विश्लेषण और औषधीय पौधों की गुणवत्ता जांच के लिए आधुनिक प्रयोगशाला भी स्थापित की जाएगी।

शोध और नवाचार का केंद्र

यह केंद्र केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में इसे उच्च स्तरीय शोध केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ वन्य उत्पादों के उत्पादन और प्रसंस्करण पर वैज्ञानिक अनुसंधान होगा। यह स्थानीय उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता के साथ बाजार तक पहुँचाने में मदद करेगा, जिससे ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिलेगा। बस्तर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वनांचल विज्ञान केंद्र आसना बस्तर के आदिवासी समुदायों के लिए एक नई सुबह लेकर आएगा। यह केंद्र पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाएगा। उनकी आजीविका को मजबूत करेगा और वन संरक्षण के साथ आर्थिक विकास में संतुलन स्थापित करेगा। यह केंद्र बस्तर की वन संपदा और स्थानीय ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़कर एक नया इतिहास रचेगा। आने वाला समय बस्तर के वनवासी आत्मनिर्भरता और समृद्ध का होगे और वनांचल विज्ञान केंद्र इसकी नींव बनेगा।

मुख्यमंत्री साय को देवांगन ने दीपावली की दी बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने शनिवार रात सीएम हाउस रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मुलाकात के दौरान किशोर ने सीएम साय से कहा कि सीएम साय, अपने नाम विष्णु (भगवान श्री हरि का नाम) के अनुरूप व्यवहार करते हुए प्रदेशवासियों का लगातार कल्याण कर रहे हैं।

उनके शासनकाल में छत्तीसगढ़ की जनता को मिल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के चलते प्रदेश का हर वर्ग का नागरिक आज खुशहाल है और लोग, प्रदेश में रामराज का अनुभव कर रहे हैं। किशोर ने कहा कि प्रदेश की जनता को उनके रूप में एक ऐसा सीएम मिला है, जो बोलने की जगह काम करके दिखाने में विश्वास करते है और सादगी से परिपूर्ण है, जिसके चलते प्रदेश की जनता उनसे अपना जुड़ाव महसूस करती है। किशोर ने सीएम साय को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि श्री साय छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में सबसे लंबी पारी खेलने का रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में नायक की भूमिका निभाएं।

मनोविकास केंद्र के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर जिले का नाम किया रोशन

गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में योगा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का किया प्रतिनिधित्व

रायपुर/नवप्रदेश। छततीसगढ के मनोविकास केन्द्र के 5 बच्चों ने 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में योग प्रदर्शन किया। मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के प्रतिभावान छात्रों ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश और जिले का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मनोविकास केन्द्र के बच्चों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि प्रदेश का नाम इसी तरह रौशन करते हुए आगे बढ़ें। अंतर्राष्ट्रीय फेस्ट में हिस्सा लेकर वापस आने पर शुक्रवार को कलेक्टर से छात्रों ने मुलाक़ात की और अपने अनुभव साझा किये

दिव्यांगजनों की रचनात्मक प्रतिभा जीवंत प्रदर्शन : अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं भारत के सहयोग से किया जा रहा है।

दिव्यांगजनों की क्षमताओं को किया उजागर

मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी आशा शुक्ला ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू, लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ था। फेस्ट में छात्रों के द्वारा लगभग 12 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर किया। इस फेस्ट में भाग लेकर छात्रों ने निःशक्तजनों के लिए हो रहे नवाचार के कार्यों को जाना।

21 को कई संस्थाओं का मिलन उत्सव

रायपुर। दिवाली पर्व के साथ ही शहर के अनेक स्थानों पर विभिन्न संस्थाएं और संगठन मिलन समारोह में जुटेंगे। इस दौरान आपस में मिलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटेंगे। सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश देंगे। वार्षिक सभाः रायपुर अग्रवाल सभा की ओर से 21 अक्टूबर को शाम 4 से 6 बजे तक अग्रसेनधाम छोकरानाला के पास वार्षिक आमसभा और दिवाली मिलन उत्सव का आयोजन किया है।

सिटी होंडा ने मनाई अपनी 13वीं वर्षगांठ

ग्राहकों के सहयोग से तय की नई ऊंचाइयां

रायपुर/नवप्रदेश। सिटी होंडा ने कल अपनी सफलता के 13 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर सिटी होंडा के संचालक श्री कैलाश खेमानी ने सभी ग्राहकों, सहयोगियों और टीम सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

ग्राहकों के विश्वास और प्यार की बदौलत आज सिटी होंडा ने अब तक 85,000 से अधिक दोपहिया वाहनों की बिक्री और 5 लाख से ज़्यादा वाहनों की सर्विस पूरी की है। खेमानी ने कहा — हमारे लिए यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हर ग्राहक का भरोसा और स्नेह है जिसने सिटी होंडा को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। आने वाले समय में हम और भी बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिटी होंडा ने अपने सभी ग्राहकों को निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए आभार जताया तथा भविष्य में और भी बेहतर सेवा व अनुभव देने का संकल्प दोहराया।

देर रात मां कर्मा राइस मिल में लगी आग, ट्रक जलकर खाक

गरियाबंद/नवप्रदेश। शनिवार देर रात गरियाबंद के पैरी नगर स्थित माँ कर्मा राइस मिल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मिल के बाहर खड़ी धान से भरी एक ट्रक आग की लपटों में घिर गई। घटना की सूचना मिलते ही मिल के कर्मचारियों ने तत्काल मिल मालिक विकास साहू को खबर दी। साहू ने तत्काल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गाफू मेमन को सूचना दी, जिन्होंने बिना देर किए फायर ब्रिगेड और पुलिस विभाग से संपर्क कर मदद

मांगी। फायर टीम मौके पर पहुंची और पहले जलती हुई ट्रक पर काबू पाया, जिससे आग के फैलने से बड़ी दुर्घटना टल गई। गनीमत रही कि आग मिल के अंदर स्थित गोदाम तक नहीं पहुंची। लगभग रात 2:30 बजे तक फायर विभाग की टीम ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। मिल मालिक विकास साहू ने बताया कि ट्रक का अगला हिस्सा जल गया है, जबकि ट्रक में लोड करीब 200 कट्टा धान पूरी तरह राख हो गया। देर रात दो बजे पूर्व नपा अध्यक्ष गाफूमेमन की तत्परता और फायर विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

पीएम का आभार... जनता को दीपावली के पहले शासन द्वारा दिया गया उपहार, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन हेतु अब लिए जाएंगे नवीन आवेदन

प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत दिए जाएंगे 2.23 लाख से अधिक नवीन घरेलू एलपीजी कनेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 10.33 करोड़ से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं घरेलू एलपीजी कनेक्शन देने के उपरांत एक बार फिर दीपावली के पूर्व लोगों को उपहार देते हुए पीएमयूवाय अंतर्गत 25 लाख नवीन उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ में 2 लाख 23 हजार नवीन घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस योजना के तहत् नवीन कनेक्शन दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार नवीन उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

हितग्राहियों को 15 दिनों में दिए जाएंगे नवीन कनेक्शन

विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देश अनुसार सभी जिलो में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उज्जवला समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति द्वारा जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के क्रियान्वयन एवं प्राप्त आवेदनों की समय-सीमा में निराकरण हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। योजनांतर्गत पात्र परिवारों से नवीन गैस कनेक्शन

हेतु आगामी 07 दिनों में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। जिले की गैस एजेंसियों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं सत्यापन कराकर 15 दिनों में नवीन गैस कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जाएगी।

नियद नेल्ला नार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दी जाएगी प्राथमिकता

नियद नेल्ला नार योजना अंतर्गत आने वाले बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा जिलों में सर्वप्रथम हितग्राहियों को चिन्हांकित कर इन ग्रामों को विशेष प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत चिन्हांकित हितग्राहियों को उज्जवला गैस योजना के कनेक्शन दिए जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु ऑयल कंपनियों के साथ समन्वय करते हुए सुगम नेटवर्क कनेक्टीविटी वाले क्षेत्रों का चयन कर विशेष शिविर आयोजित किये जाएंगे। योजनांतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्ति हेतु शेष सभी 34 हजार 425 परिवारों के आवेदन चिन्हांकित ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर लिए जाएंगे। दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों के ई-केवाईसी के लिये कनेक्टीविटी वाले क्षेत्रों का चयन कर विशेष शिविर द्वारा उन्हें लाभांवित किया जायेगा।

जिला स्तरीय उज्जवला समिति के कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से कम से कम 05 प्रतिशत आवेदनों का सत्यापन एवं परीक्षण जिला उज्जवला समिति द्वारा किया जाएगा। इस हेतु जिले के सभी गैस एजेंसियों की बैठक कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नवीन गैस कनेक्शन जारी करने हेतु जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय उज्जवला समिति में अध्यक्ष, जिला कलेक्टर या उनके द्वारा अधिकृत कोई वरिष्ठ अधिकारी होंगे तथा समन्वयक सदस्य के रूप में जिला नोडल अधिकारी होंगे जो तेल विपणन कंपनी से होंगे। दो सदस्य अन्य दो तेल विपणन कंपनियों के अधिकारी होंगे। जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं दो गैर-आधिकारिक सदस्य भी समिति में सदस्य होंगे।

योजनांतर्गत नवीन कनेक्शन हेतु जारी किए गए मापदंड निर्धारित

पीएमयूवाय के अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन हेतु पात्रता के लिए मापदंड निर्धारित किए गए हैं। जिसके अनुसार यदि परिवार का कोई भी सदस्य 10 हजार रूपए प्रति माह से अधिक कमाता हो, घर का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवारों को शामिल नहीं किया गया है। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड की 50 हजार रूपए से अधिक की क्रेडिट सीमा वाले किसान, सिंचाई उपकरण के साथ 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि के स्वामी, दो या अधिक फसल मौसमों के लिए 5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि के स्वामी, कम से कम 7.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि का स्वामी जिनके पास कम से कम एक सिंचाई उपकरण हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक कार्पेट क्षेत्र वाले मकान के स्वामी, स्वयं की मोटर चालित तीन या चार पहिया वाहन अथवा मछली पकड़ने वाली नाव अथवा यंत्रीकृत तीन या चार पहिया कृषि उपकरण के मालिक एवं ऐसे परिवार जिनके पास पूर्व से ही एलपीजी कनेक्शन हों योजनांतर्गत लाभ पाने हेतु अपात्र होंगे।

न्यूज गैलरी

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

कांकेर/ नवप्रदेश। शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई के द्वारा आज राज्य स्तरीय एकीकृत क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर को रस्साकसी खेल के आयोजन की जिम्मेदारी मिली। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार संपन्न प्रतिस्पर्धा से अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने आयोजन समिति को बधाई दी। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी, पर्यवेक्षक, रैफरी सहित संस्था के सभी तकनीकी स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

राज्यपाल से विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सौजन्य भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।

रतन शर्मा बने कैट सारंगढ़ जिला के नये अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन श्री मगेलाल मालू, प्रदेश चेयरमेन श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी दो वर्षों के लिए श्री रतन शर्मा (बरमकेला) को जिला अध्यक्ष-सारंगढ-बिलाईगढ़ ईकाई पद पर मनोनित किया गया।इस अवसर पर श्री अमर पारवानी एवं परमानंद जैन ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रतन शर्मा अपने अनुभव एवं समर्पण से सारंगढ़ जिले के स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु संगठित प्रयास करेंगे तथा व्यापारी समाज को सशक्त आवाज प्रदान करेंगे । यह नियुक्ति कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) प्रवीण खण्डेलवाल जी की अनुशंसा पर संपन्न हुआ।

चैरिटी कार्यक्रम 'सौगात खुशियों की' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एडवर्टाइजिंग एजेंसिज़ एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को रायपुर के मैगनेटो मॉल स्थित संतोष हॉल में एक विशेष चैरिटी कार्यक्रम सौगात खुशियों की का आयोजन किया गया।एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों को आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें गिफ्ट्स और हैम्पर्स भेंट किए गए। इस कार्यक्रम मे मनोरंजन का विशेष आयोजन किया गया ।

कांकेर जिले में सीपीआर जागरूकता सप्ताह की शुरूआत

तकनीक से बचा सकते हैं समय पर पीड़ित की जिंदगी

कांकेर/ नवप्रदेश। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कांकेर जिले में रेडक्रास के अध्यक्ष कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में सीपीआर सप्ताह में लोगो को सीपीआर के प्रति जागरूकता करने कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सीपीआर के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 13 से 17 अक्टूबर तक पूरे देश में सीपीआर सप्ताह मानने का निर्णय लिया है।प्रथम दिवस शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कांकेर द्वारा सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य प्रतिनिधि अनुपम जोफर ने बेसिक लाइफ स्पोर्ट की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधित बात बताई।मास्टर ट्रेनर व जिला संगठक रेडक्रास पवन सेन ने विस्तार से बताया कि आज हार्ट अटैक का मुख्य कारण क्या है अटैक से कैसे बचा जा सकता है क्या क्या सावधानी बरतना चाहिए।

प्रशिक्षण के अंतर्गत दृश्य निर्माण करते हुए जीवन रक्षा कौशल के सभी चरणों को बताया गया। देखना सुनना, एहसास करना एवं एयरवेस, ब्रीदिंग तथा सर्कुलेशन के प्रक्रिया को समझाते हुए 2 माउथ टू माउथ : 30 चेस्ट कंप्रेशन के चरणबद्ध प्रक्रिया से अवगत कराया गया।डमी के माध्यम से सभी को डेमो करके दिखाया सभी विद्यार्थियों को मौका देते हुए उनके सीपीआर देने का प्रैक्टिकल भी कराया। शिक्षा महाविद्यालय के कार्यक्रम में प्राचार्य आर के मिश्रा, प्राध्यापक श्रीमती पूर्वा शर्मा, प्राध्यापक सहित महाविद्यालय के 50 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।द्वितीय दिवस शासकीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 70 छात्र छात्राओं और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में प्राचार्य आनंद गुप्ता उप प्राचार्य भुवन जैन, प्राध्यापक जनक सिंह दिनेश सिंहा प्रशिक्षक जीआर साहू, सहयोगी जागेश्वर ठाकुर उपस्थित रहे।

सीपीआर सिर्फ डॉक्टर्स को नहीं बल्कि सभी को आना चाहिए ...

मास्टर ट्रेनर पवन सेन ने बताया कि सीपीआर तुरंत शुरू करने से व्यक्ति के मस्तिष्क और हृदय को ऑक्सीजन मिलती रहती है। जिससे उसकी जान बचाई जा सकती है। दुर्घटना, डूबने, करंट लगने या हार्ट अटैक जैसी स्थिति में सीपीआर देने से एम्बुलेंस या डॉक्टर के आने तक व्यक्ति की स्थिति को स्थिर रखा जा सकता है अगर हृदय रुकने के पहले 4-5 मिनट के अंदर सीपीआर शुरू कर जाती है तो व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। सीपीआर केवल डॉक्टरों और नर्सों को ही नहीं आम जन को भी दिया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में मदद की जा सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि हर घर, स्कूल, कार्यालय और सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक व्यक्ति इस जीवनरक्षक तकनीक में प्रशिक्षित हो।

जीवन रक्षक तकनीक का प्रशिक्षण लेंगे अधिकारी कर्मचारी...

जिला संगठक ने बताया कि सभी जगह सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अधिक के अधिक लोग इसे सीख सकें। अधिकारियो एवं कर्मचारियों को सीपीआर के बारे में रेडक्रॉस के द्वारा जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे इमरजेंसी में लोगों को हार्ट अटैक से बचाया जा सके।

धान की फसल में ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन

किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

कांकेर/ नवप्रदेश। रजत जयंती के अवसर पर कृषि के क्षेत्र में नवाचार की दृष्टि से आधुनिक तकनीक से खेती को सरल, सुरक्षित और लाभकारी बनाने की दिशा में कृषि विभाग भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम रानीडोंगरी में धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ड्रोन द्वारा फसलों में तरल जैव उर्वरक कीटनाशक खरपतवार नाशक एवं रोगनाशक छिड़काव की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया तथा इसके संचालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

प्रशिक्षण सह ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह कोमरा ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक खेती के युग मे ड्रोन तकनीक से खेती लाभदायक है। ड्रोन तकनीक से कम समय, कम लागत और कम श्रम में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव है, इससे किसानों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा खेती में ड्रोन तकनीक आज के समय की मांग है। किसान भाई फसलों में तरल जैव उर्वरक नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं फसलो में लगने वाले कीट बीमारी नींदानाशक रसायनों का छिड़काव के लिए ड्रोन से स्प्रेयर भविष्य की खेती के लिए अच्छा विकल्प साबित होगा।

ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम में ग्राम रानीडोंगरी के किसानों ने इस नवाचारपूर्ण तकनीक में विशेष रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से प्रशिक्षण तथा ड्रोन से दवा छिड़काव प्रदर्शन में भाग लिया।

किसानों ने कहा कि ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य अधिक आसान और समयबद्ध होंगे। ड्रोन तकनीक के इस सफल प्रदर्शन ने साबित किया है। फसलों में दवा छिड़काव का जीवांत प्रदर्शन कर खेती किसानी में फसलो में नवाचारों के तहत ड्रोन का समावेश किसानों की कृषि लागत कम करने, आय वृद्धि और कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ड्रोन से दवा कीटनाशक रोगनाशक खरपतवार नाशक छिड़काव करने प्रति एकड़ दस मिनट का समय लगता है तथा प्रति एकड़ दवा छिड़काव का खर्चा पांच सौ तक आता है। ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच, पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

बालिका सशक्तिकरण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में चारामा परियोजना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरी में बालिका सशक्तिकरण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेंटल हेल्थ एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चिरायु टीम के द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के जेंडर विशेषज्ञ खुलेश साहू के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हेल्पलाइन नंबर 1091, 181, 1073, 108, 101, 102, 1930, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम योजना, महिला कोष आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।` परियोजना अधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, गुड टच बेड टच, मासिक धर्म स्वच्छता, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी व शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पहलवान कन्हैयालाल कसार की 23 वीं पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। स्व. कन्हैयालाल जी कसार की 23वीं पुण्यतिथि पर उनके कुश्ती के प्रति महान योगदान और व्यक्तित्व को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उन्होंने अपने जीवन के 70 वर्ष तक समाज और देश की सेवा में समर्पित किया और रायपुर शहर एवं छत्तीसगढ़ का नाम ऊँचा किया। वे हर जाति और धर्म के लोगों को कुश्ती सिखाते थे। उस्ताद जी समाज में जब छुआछुत का बोलबाला था तब सभी जाति धर्म के लोगों को कुश्ती सिखाते थे।उस्ताद जी न कि कुश्ती में बल्कि समाज सेवा में कई जरूरमंद परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक मदद की। उनका सपना था कि हर बच्चों को न्यूनतम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिले। उसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने रायपुर कान्वेंट उ.मा.शाला की नींव रखी। जिसमें हजारों छात्रों को शिक्षा के माध्यम से ऊँचाईयों तक छूने का अवसर मिला। उनकी सरलता और विनम्रता का यह आलम था कि बड़े से बड़े राजनेता,कई प्रतिष्ठित लोग उनके व्यक्तिव से प्रभावित होकर उन्हें सम्मान देते थे। वे कहते थे कि जितना हो सके दूसरों की मदद करो, अच्छा व्यवहार करो, और हमेंशा अपने माता-पिता बड़ों का सम्मान करो। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर रायपुर कान्वेंट उ.मा.वि. गुढ़ियारी में अधिकतम अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया है उनके नाम निम्नलिखित हैं, (1) अंजली पटेल 94.8 प्रतिशत (2) प्रियांशी सत्या 89.83 प्रतिशत (3) हिमशिखा गुप्ता 89.6 प्रतिशत (4) भावेश के. कुर्रे 88.5 प्रतिशत (5) मेहनाज खान 87.16 प्रतिशत (6) श्वेता देवांगन 86.33 प्रतिशत (7) साक्षी देवांगन 86.2 प्रतिशत (8) निखिलेश पी. शर्मा 85.33 प्रतिशत (9) गीतेश वर्मा 84.6 प्रतिशत (10) हर्ष मारकण्डेय 84.2 प्रतिशत रायपुर कान्वेंट उच्चतर माध्यमिक स्कूल गुढ़ियारी के सचिव श्री कमल प्रसाद कसार, श्रीमती श्वेता वासनिक प्राचार्या, श्रीमती रानी शर्मा प्राचार्या, श्री आदित्य कसार एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर उस्ताद जी को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई।

समर्थन मूल्य दिलाने विधायक को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

कांकेर/ नवप्रदेश। ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने ब्लॉकों में डिजिटल क्राप सर्वे) एप्प के माध्यम से इस बार वर्ष 2025 में खरीफ फसलो का आनलाईन सर्वे किया गया। इस सर्वे के उपरांत ही हर एक किसान अपने फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर सरकार को बेच सकते हैं। इससे पहले गिरदावरी का काम खेतों में किसान के साथ जाकर पटवारी माध्यम से होता था। परन्तु इस वर्ष 2025 में केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार आनलाइन किया गया।इसके लिए खेतों में जाकर मोबाइल के माध्यम से आनलाईन सर्वे के लिए पटवारी के द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर से 12 वीं पास 2-3 बेरोजगार युवाओं को सर्वेयर के रूप में चुना गया। प्रत्येक खसरा सर्वे पर 10?, 15 दिनों के अंदर दिपावली से पहले देने कि बात राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा किया गया। लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा 15 दिन के बाद भी मानदेय नहीं दिया गया,इस संबंध अधिकारियों से बात करने पर एक सप्ताह बाद दो दिन बाद, अन्य जिलों में फिर कांकेर, डाक्यूमेंट्स सत्यापन राज्य सरकार से चर्चा इस तरह बातों को गोल मटोल करते हुए कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसलिए हम समस्त सर्वेयर द्वारा 15 अक्टूबर को कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया गया।उसके बाद इस संबंध में रविवार को कांकेर विधायक आशाराम नेताम को इस संबंध में अवगत कराया गया।जिसमें सुश्री मृदुला भास्कर जिला पंचायत सदस्य शिवदास नेताम माटवाड़ा लाल दीपक तेतापथरी सर्वेयर कुनाल कुमार बेवरती,अंकुर यादव- हाटकोंगेरा वंशराज मोहपुर सम्मिलित हुए।

पेज 1 का शेष

दाढ़ी नगर पंचायत में 6 ...

में सौ प्रतिशत राजस्व वसूल करने की उपलब्धि हासिल की है। पलारी, तुमगांव, नरियरा, सरसींवा, प्रेमनगर, सहसपुर लोहारा, शिवनंदनपुर नगर पंचायत में डिमांड की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजस्व वसूल किया गया है, जिसे संतोषजनक माना गया है।

दल्ली राजहरा नपा ने 6 महीने में सिर्फ 5 प्रतिशत राजस्व वसूल किया

प्रदेश के नगर पालिकाओं में सबसे बदतर राजस्व वसूली दल्ली राजहरा में की गई है। यहां 6 महीने में सिर्फ 5.09 प्रतिशत राजस्व वसूली हो पाई है। अहिवारा, महासमुंद, लोरमी, खैरागढ़, कटघोरा, मंदिर हसौद, जांजगीर नैला, पंडरिया, बीजापुर, कांकेर, बांकीमोगरा, आरंग, गौरेला नपा की राजस्व वसूली 20 प्रतिशत से भी कम है। 56 नगर पालिकाओं में सिर्फ दो नगर पालिकाओं में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजस्व वसूली हुई है। सबसे ज्यादा राजस्व वसूली सूरजपुर नपा में की गई है। यहां 5 माह के राजस्व वसूली के टार्गेट की तुलना में 101.69 प्रतिशत वसूली हो चुकी है। खरसिया नपा में भी 50.75 प्रतिशत राजस्व वसूली की गई है। प्रदेश के 6 नगरपालिकाओं में 40 से 50 प्रतिशत राजस्व वसूली हुई है। किरंदुल नपा में 47.93, दीपका नपा में 47.43, सिमगा में 45.56, गोबरा नवापारा में 44.84 , शिवपुर चरचा 44.59, बोदरी नपा में 41.24 प्रतिशत राजस्व वसूली की गई है। इन नगरपालिकाओं की परफार्मेंस को संतोषजनक माना गया है।

धरती आबा के आंगन स....

जनजातीय सशक्तीकरण को धरातल पर साकार किया है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बस्तर से सरगुजा तक हर जनजातीय परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें हर स्तर पर सशक्त किया जाए।

छत्तीसगढ़ शासन में आदिम जाति विकास मंत्री एवं कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा यह उपलब्धि हमारे अधिकारियों, फील्ड स्टाफ और जनप्रतिनिधियों की मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद योजनाओं की रोशनी को जन-जन तक पहुँचाया है, उन्होंने कहा कि जन-जन तक योजनाओं को पहुंचाना व लाभ मिलना ही सुशासन है।

154 जनजातीय ग्रामों में ...

सम्मान निधि, पीएम उज्जवला, जाति-निवास प्रमाण पत्र, वनाधिकार पट्टा, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास योजना, सिकल सेल टेस्टिंग, सुकन्या समृद्धि योजना तथा पीएम विमान बीमा योजना जैसे योजनाओं से जोड़ा गया। समयबद्ध क्रियान्वयन और मैदानी स्तर पर नवाचारों के चलते यह पहल जनसहभागिता का प्रतीक बनी है।

सीईसी ने बिहार विस ...

मतदाताओं के लिए पूरी तरह से सुलभ रहने और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करने को कहा गया है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए हाल ही में शुरू की गई पहलों को लागू करने के लिए भी निर्देशित किया है। इसका उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। भारतीय चुनाव आयोग पहले ही बिहार विधानसभा चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर चुका है। बिहार में दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा। वहीं उपचुनावों के लिए 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को मतगणना होगी।

रेलवे ने किया भू- अर्जन, ...

अधिसूचना प्रकाशित की गई। अधिसूचना प्रकाशित होने पर भू-स्वामी द्वारा विस्तृत आपत्ति दर्ज की गई। आपत्ति में आधार लिया गया कि अर्जित भूमि कृषि भूमि है तथा भूस्वामी इसी पर आश्रित है। यह भी बताया गया कि, रेलवे विभाग के पास उसी क्षेत्र में भूमि उपलब्ध है। भू-अर्जन अधिकारी द्वारा बगैर समुचित सुनवाई के आपत्ति खारिज की गई. इसके विरुद्ध याचिकाकर्ता प्रदीप अग्रवाल द्वारा अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका दायर की गई. याचिका में बताया गया कि, रेलवे अधिनियम की धारा 20 डी के अनुसार भू अर्जन अधिकारी को भू-अर्जन के विरुद्ध आपत्ति पर विचार कर समुचित सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए. आपत्ति निरस्त करना विधि विरुद्ध है, याचिका पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड सहित राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

नई राह : गुड़ियापदर के ...

तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कम्युनिटी फॉरेस्ट रिसोर्स एक्ट के तहत कांगेर घाटी उद्यान क्षेत्र में रहने की अनुमति दी गई थी। लेकिन यहां गोंड समुदाय के लगभग 35 परिवार वर्ष 2002 से निवासरत हैं। सीएफआरए स्वीकृति के बावजूद अब तक उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल पाई है।

बीते वर्षों में मलेरिया जैसी बीमारियों से दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है. सरकार की अनदेखी से निराश ग्रामीणों ने अब अपने बूते सड़क बनाने का संकल्प लिया है. गांव के लोग सामूहिक श्रमदान कर पगडंडी की सफाई, गड्ढों की भराई और कच्ची सड़क का निर्माण कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है की सरकार से उम्मीद टूट चुकी है, अब हम अपने बल पर अपने गांव तक सड़क बनाएंगे। फिलहाल ग्रामीण सामूहिक सहयोग से यह काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में सड़क पर मुरूम और गिट्टी डालने की योजना है। ग्रामीणों का मानना है कि दीपावली के अवसर पर यदि समाज आगे बढ़कर सहयोग करे, तो उनके लिए यह सड़क केवल रास्ता नहीं, बल्कि आशा की नई किरण साबित होगी।

खुदरा महंगाई दर में ...

दौरान यह नकारात्मक क्षेत्र में रहेगी, क्योंकि हाल में आई बाढ़ का प्रभाव सीमित रहा है। खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी और जीएसटी दरों में कमी से मुद्रास्फीति पहले ही आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। रिपोर्ट में बैंक ने वित्त वर्ष 26 के लिए मुद्रास्फीति के अपने पूर्वानुमान को 3.1 प्रतिशत के पूर्व अनुमान से घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि मुद्रास्फीति वर्ष के अधिकांश समय आरबीआई की लक्ष्य सीमा से नीचे रहने की संभावना है और आधार प्रभावों के कारण चौथी तिमाही में इसमें थोड़ी वृद्धि हो सकती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में सितंबर में पिछले महीने की तुलना में काफी गिरावट देखी गई, जिससे मूल्य वृद्धि में व्यापक नरमी का संकेत मिलता है। इस दौरान उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक -2.28 प्रतिशत रहा, जो दर्शाता है कि जून 2025 से खाद्य कीमतों में गिरावट आ रही है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 1.07 प्रतिशत रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति थोड़ी अधिक 2.04 प्रतिशत रही। खाद्य मुद्रास्फीति दोनों क्षेत्रों में (ग्रामीण क्षेत्रों में -2.17 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में -2.47 प्रतिशत) नकारात्मक रही, जो सब्जियों और खाद्य तेलों की गिरती कीमतों के प्रभाव को दर्शाती है। सरकार ने इस गिरावट का श्रेय सब्जियों, तेलों, फलों, अनाजों, दालों, अंडों और ईंधन जैसी प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कम कीमतों को दिया। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि वर्तमान ट्रेंड जारी रहता है, तो भारत त्योहारों और सर्दियों के मौसम में कम मुद्रास्फीति का माहौल बनाए रख सकता है, जिससे उपभोक्ता मांग और समग्र आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

जगदलपुर: विशाखापट्टनम रेल ...

वजह से यात्री ट्रेन से लेकर मालगाड़ी आदि को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्री गजेंद्र आज स्कूल में जलाएंगे 'विष्णु दीया'

■ **दिवाली के दिन अपने स्कूल में एक दीया जलाने की अपील की**

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सोमवार 20 अक्टूबर को शाम 5 बजे शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, शक्तिनगर दुर्ग में आयोजित विशेष कार्यक्रम विष्णु का दीया में शामिल होंगे। दीपावली पर्व को शिक्षा और संस्कारों से जोडने् के लिये यह अनूठी पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों के जीवन में ज्ञान का महत्व स्थापित करना और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करना है।

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि दीपावली का दीया केवल रोशनी का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, उम्मीद और उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सपना है कि छत्तीसगढ़ का हर बच्चा शिक्षा के प्रकाश से रोशन हो और पूरे प्रदेश का नाम गौरव के साथ ऊँचा करे। जिस तरह छोटा-सा दीपक अंधकार को मिटा देता है, उसी प्रकार शिक्षा भी जीवन के अज्ञान और कठिनाइयों को दूर कर देती है।

मंत्री यादव ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से आह्वान किया है कि दीपावली पर सभी बच्चे अपने-अपने विद्यालय में एक दीया अवश्य जलाएं। यह दीया केवल उत्सव का हिस्सा नहीं होगा, बल्कि यह शिक्षा, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। यह संकल्प हमें याद दिलाएगा कि शिक्षा ही जीवन का सच्चा दीप है, जो न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को प्रकाशमय बनाती है। विष्णु का दीया कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से प्रेरित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रदेश के मुखिया स्वयं शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और यह चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ का हर बच्चा शिक्षा की ज्योति से आलोकित हो।

दुर्ग के शक्तिनगर विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ-साथ बच्चों द्वारा प्रेरणात्मक गतिविधियाँ भी होंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव इस अवसर पर विद्यार्थियों से सीधे संवाद करेंगे और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ देंगे।

सेंट्रल जेल के वॉच टॉवर में चोर ने छिपाया चोरी का सामान

दुर्ग/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल के पीछे बने जिस वॉच टॉवर से जेल की सुरक्षा की निगरानी होती है, उसी टॉवर में चोर ने चोरी का सामान छिपा दिया। इस मामले में छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के एक जवान की मिलीभगत का भी पता चला है।

केंद्रीय विद्यालय के पास शासकीय महिला कॉलेज गेट के समीप स्थित एक लोक सेवा केंद्र में स्मृति नगर भिलाई निवासी 28 वर्षीय प्रिंस गौर ने चोरी की थी। उसने लोक सेवा केंद्र से कंप्यूटर, प्रिंटर, केबल्स, टेबल-कुर्सी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया था। चोरी के बाद आरोपी ने सारा सामान जेल परिसर के पीछे बने वॉच टॉवर में छिपा दिया। यहां ड्यूटी पर तैनात जवान ऋषिकांत त्रिपाठी को घटना की जानकारी थी।

उसने किसी भी वरिष्ठ अधिकारी को इसकी सूचना नहीं दी। आरोपी प्रिंस गौर और जवान ऋषिकांत त्रिपाठी का आपस में परिचय हैं। ऋषिकांत रायपुर नाका स्थित एसएफ क्वार्टर में रहता है। पुरानी जान-पहचान के कारण प्रिंस का जेल टॉवर तक आना-जाना था। लोक सेवा केंद्र के दुकानदार शैलेश चंद्राकर ने बताया कि सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने चोर को फोटो कॉपी मशीन उठाते हुए देखा। वह लोगों से मदद मांग रहा था।

दुकान का ताला टूटा देखकर लोगों को शक हुआ और उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो चोरी का सामान जेल के पीछे टॉवर के नीचे और ऊपर की मंजिल पर मिला। पुलिस ने आरोपी प्रिंस गौर को गिरफ्तार कर लिया है। जवान ऋषिकांत त्रिपाठी से पूछताछ की जा रही है।

दुकानदार का कहना है कि चोर ने कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन और 4500 रुपए कैश की चोरी की थी। मामले में पद्मनाभपुर थाना में लिखित शिकायत कर दी गई है। घटनास्थल से थोड़ी दूर पर जेल चौक में त्योहार के सीजन को देखते हुए चेकिंग के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

न्यूज गैलरी

5 से 11 नवम्बर तक श्रद्धालु करेंगे तीर्थ दर्शन

दुर्ग। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 5 से 11 नवम्बर तक द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा के लिए जिले से 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के 445 वरिष्ठ नागरिक भेजे जाएंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले के 334 ग्रामीण व 111 शहरी क्षेत्र के यात्री व 11 अनुरक्षक को शामिल करते हुए कुल 456 का कोटा निर्धारित है। यात्रा में 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल, अंत्योदय व मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी और 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर (एपीएल) के नागरिक होंगे, जो आयकर दाता हों। यात्रा में शामिल होने आवेदक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकायों में 26 अक्टूबर तक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं।

एनएचएम में संविदा भर्ती

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 38 पदों पर संविदा भर्ती के लिये विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। विज्ञापित पदों में से चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पद के लिए अनंतिम चयन सूची जिले के विभागीय वेबसाईट में अपलोड की गई है। चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज सत्यापन और पदस्थापना स्थल चयन के लिये 17 अक्टूबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभागार में उपस्थित होने कहा गया था। कई चयनित अभ्यर्थी किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए थे। ऐसे अभ्यर्थियों को 7 नवम्बर तक दोबारा उपस्थित होने के लिये अंतिम अवसर दिया गया है।

दर्दनाक हादसा: ऑटो का इंतजार कर रहे कर्मचारी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

ड्राइवर गिरफ्तार, नागरिकों में आक्रोश



कुम्हारी/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे-53 पर कुम्हारी चौक के पास रविवार को सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। कुम्हारी वार्ड नंबर 18 डीएमसी तालाब पार रहने वाला मदन यादव (55) हर रोज की तरह काम के लिए घर से निकला था। रविवार को सुबह कुम्हारी चौक ओवरब्रिज के नीचे नंदू किराना दुकान के सामने खड़ा था।

रायपुर के टाटीबंध जाने के लिए मदन यादव सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अहिवारा रोड से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में मदन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और मृतक परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया है।

कुम्हारी चौक ओवरब्रिज के नीचे अवैध पार्किंग और दुकानदारों के अतिक्रमण की वजह से राहगीरों को भारी परेशानी होती है। कई बार हादसे भी हुए हैं। एक्सीडेंट के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि हाईवे पर तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही से हादसे हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

एक दिन पहले एक्सीडेंट में हुई थी दो की मौत

शुक्रवार को दोपहर के समय तेज रफ्तार थार के चालक ने पदुमनगर निवासी 82 साल के बुजुर्ग बी. ईश्वर राव को टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए मेकाहारा ले जाते समय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी थार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह खुर्सीपार थाना अंतर्गत शुक्रवार की शाम को बाइक सवार दो दोस्त रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

कृषि विभाग के अफसरों ने किसानों को दी सलाह, धान फसल में करें कीट रोग प्रबंधन

भिलाई/नवप्रदेश। जिले मे धान फसल खरीफ की मुख्य फसल है। बारिश से किसानों को अच्छी फसल की उम्मीद है। बारिश के बाद तेज धूप से उमस के कारण धान की फसल में तना छेदक, पत्ती मोड़क, भूरा माहू, ब्लड वर्म, पेनिकल माइट और जीवाणु जनित झुलसा जैसे कीटव्याधि की समस्या उत्पन्न हो रही है। समस्याओं के नियंत्रण के लिये उप संचालक कृषि जिला-दुर्ग द्वारा जिले के मैदानी अमलों को कृषकों के खेतों का सतत निरीक्षण करने और समन्वित कीट व रोग प्रबंधन के लिये कृषकों को समसामयिक सलाह देने के निर्देश दिये गए हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि भूरा माहू के नियंत्रण के लिये 24 घण्टे के लिए पानी का निकास करने से कीट नियंत्रण में सहायता मिलती है। तना छेदक कीट के वयस्क दिखाई देने पर फसल का निरीक्षण कर तना छेदक के अंडों को एकत्र कर नष्ट कर दे और डेड हार्ट (सूखी पत्ती) को निकाल दें। सतत निगरानी के लिये शाम 6.30 से 10.30 बजे तक प्रकाश प्रपंच का उपयोग करते हुए एकत्रित कीट को सुबह नष्ट कर दे। खेत के बीच में अलग-अलग जगह ''टी'' आकार की खुटियां फसल से 1 फीट ऊंची लगानी चाहिए, जिस पर पक्षी बैठकर हानिकारक कीटों को खा सकें। धान की फसल पर रस्सी को दोनों किनारों से पकड़कर घुमाना चाहिए, जिससे चितरी की इल्लियां पानी में गिर जाएं और पानी में थोड़ा मिट्टी का तेल डाल देने से इल्लियां मर जाती है। अनुशंसित मात्रा में रासायनिक खाद का उपयोग करना चाहिये। अत्याधिक/अनावश्यक नत्रजन के उपयोग से रसचूसक कीट के आक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। तना छेदक नियंत्रण के लिये प्रोफेनाफास 40 प्रतिशत ईसी प्लस साइपरमेथिन 4 प्रतिशत ईसी, 400 मिली प्रति एकड़ की दर से या करटॉप हाइड्रोक्लोराइड 50 प्रतिशत एपी, 200 ग्राम प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जा सकता है। पत्ती लपेटक कीट (चितरी) प्रोफेनाफास 40 प्रतिशत ईसी लेम्बडा साइलोथ्रिन 20 प्रतिशत ईसी, 400 मिली या करटॉप हाइड्रोक्लोराइड 50 प्रतिशत एसपी, 200 ग्राम एकड़ उपयोग किया जा सकता है। भूरा माहो कीट - इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल, 80-100 मि.ली. या पाइमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी, 100-120 ग्राम प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है।

बाल सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर स्थापित होंगे चाइल्ड हेल्प डेस्क

■ **कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक लेकर जिले में बाल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में बाल देखरेख संस्थाएं, किशोर न्याय व्यवस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह की स्थिति और सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में 40 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में अब तक कोई बाल विवाह का मामला दर्ज नहीं हुआ है, जिस पर कलेक्टर ने सावधानीपूर्वक निगरानी बनाए रखने और ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। किशोर न्याय बोर्ड में 237 और बाल कल्याण समिति में 118 प्रकरण लंबित हैं। कलेक्टर ने इन मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर पिछले तीन महीनों में प्राप्त 42 कॉल्स में से 13 मामलों को रजिस्टर्ड किया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित समितियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही होनी चाहिये। कलेक्टर ने किशोर न्याय बोर्ड में स्थापित वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) सेट को शीघ्र बाल सम्प्रेक्षण गृह में स्थानांतरण करने कहा। बालकों को कोर्ट पेशी के लिए अन्य जिलों में भेजने की जरूरत न पड़े और कार्यवाही ऑनलाइन ही पूरी करने के निर्देश दिये गए। शासन के निर्देशानुसार जिले के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना करने कलेक्टर ने उपयुक्त स्थल चिन्हित कर जल्द से जल्द डेस्क शुरू करने के निर्देश दिए। नाबालिग बच्चों में बढ़ती नशा प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कलेक्टर ने नशामुक्ति केंद्र की स्थापना हेतु संचालनालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी जाम्बुलकर ने बताया कि जिले में संचालित शासकीय और अशासकीय बालगृहों, विशेष गृहों, दत्तक ग्रहण एजेंसी एवं आश्रय गृहों में कुल 108 बालक-बालिकाएं निवासरत हैं।

कलेक्टर ने इन संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को मुख्यमंत्री बाल उदय योजना का लाभ दिलाने के लिए सक्रियता बढ़ाने को कहा। जिले में इस योजना के तहत शेख शहबाज अंसारी को लाभान्वित किया गया है।

आवेदन 25 तक

दुर्ग। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 के लिये राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी 25 अक्टूबर तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उच्च व्यवसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस जैसे संस्थाओं में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन करने वाले स्टूडेंट्स को तात्कालिक सहायता दी जाएगी। योजना के तहत विद्यार्थी छग के मूल निवासी होना चाहिए।

लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी ने सेवा सप्ताह में किए उत्कृष्ट कार्य

भिलाई/नवप्रदेश। लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा सेवा सप्ताह मनाया गया। जिसमें 1 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन सरकारी अस्पताल जिला दुर्ग में किया गया और वहां नवजात शिशुओं को आवश्यक सामग्री किट के रूप में बांटी गई। 2 अक्टूबर को गांधी व शास्त्री की प्रतिमा में माल्यार्पण कर मिठाई बांटी व राष्ट्रभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्था द्वारा संचालित मानवता शाला बोरसी में किया। जिसमें खालसा पब्लिक स्कूल प्रथम व केंद्रीय विद्यालय द्वितीय रहे। तीसरे दिन जेल में कैदियों को मेंटल हेल्थ जागरूकता और चरित्र निर्माण पर डॉ. संतोष राय द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया। 4 को मुस्कान फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर का सम्मान किया गया। डायबिटीज व रक्तचाप जॉच की शिविर का आयोजन किया गया। 5 को पोटिया कला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सातवें दिन सेक्टर-9 महाविद्यालय में मेंटल हेल्थ अवेयरनेस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। 8 अक्टूबर को सेवा सप्ताह का समापन व रीजन चेयर पर्सन लायन एमजेएफ राजकुमार शर्मा की आधिकारिक यात्रा संपन्न कराई गई। सेवा सप्ताह में सहयोग किए गए सदस्यों व नागरिकों का सम्मान भी किया गया। सेवा सप्ताह के दौरान लायंस क्लब ऑफ सिटी की अध्यक्ष अकांक्षा मिश्रा, सचिव हरमीत सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष अनिता तिवारी के अलावा अन्य लायन सदस्यों ने सेवा कार्यों में योगदान दिया।

बुद्ध भूमि परिसर को विधायक रिकेश ने दी ढाई करोड़ से अधिक की सौगात

■ **अम्बेडकर सामुदायिक भवन के संधारण सहित अन्य निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन**

भिलाई/नवप्रदेश। बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर भिलाई में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने तीन महिला और तीन पुरुष प्रसाधन भवन बनाने के साथ पूर्व में बने डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन के संधारण के कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक सेन ने बुद्ध भूमि परिसर में ढाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी दी। स्वागत भाषण डॉ उदय धाबर्डे ने दिया। बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कोसा नगर बुद्ध भूमि की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक रिकेश सेन ने बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर के विकास में अपना संपूर्ण सहयोग देने का वादा किया। जिसकी पहली कड़ी मे अपनी विधायक निधि से उन्होंने 9 लाख के कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक सेन ने 25 - 26 नवंबर को होने वाले जय भीम मेला समारोह संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने पर सहमति जताई और संविधान दिवस समारोह को भव्य रूप में मनाने की योजना पर चर्चा की। विधायक सेन ने कहा कि कोसानगर बुद्ध भूमि अंबेडकर अनुयायियों की है कोई अन्य व्यक्ति इस भूमि की ओर आँख उठाकर भी ना देखें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के भीम सैनिक और वह खुद भी यहां की बुद्ध भूमि के विकास के लिए तन मन धन से समर्पित है। उपस्थित जनसमुदाय ने विधायक सेन की इस पहल की तालियां बजाकर सराहना की और उन्हें कोटि-कोटि साधुवाद दिया। बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर की महिला समिति की अध्यक्ष दानशीला रामटेके ने अतिथियों तथा अन्य उपस्थित उपासक-उपासिकाओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अनिल गजभिए, राजेश बंजारी, डॉ.अरविंद चौधरी, अनिल जोग, अशोक धवले और नितेश सोनटके ने विचार रखें।

जागरुकता... | **गर्ल्स कॉलेज में पिंक अक्टूबर कार्यक्रम का आयोजन**

कैंसर के लक्षण और बीमारी से बचने की सलाह दी

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेडक्रॉस विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पिंक अक्टूबर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पिंक अक्टूबर को विश्व स्तर पर स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके साथ गुलाबी रंग के स्पष्ट जुड़ाव के कारण इसे व्यापक रूप से गुलाबी माह भी कहा जाता है। गुलाबी रिबन इसकी वकालत और समर्थन का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गया है। इस बीमारी से प्रभावित लाखों लोगों के लिए एकजुटता, लचीलापन और आशा का प्रत्यक्ष संकेत है।

इस वैश्विक अभियान का उद्देश्य स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान को बढ़ावा देना और इसके लिए अनुसंधान हेतु धन जुटाना है। महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर कन्या महाविद्यालय में पिंक अक्टूबर पर यूथ रेडक्रॉस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के अनुसार अक्टूबर कैलेण्डर का एक महीना भर नहीं, बल्कि गुलाबी रंग की लहर से चिन्हित एक वैश्विक आंदोलन है जो कि दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट करता है। इस बीमारी से हर साल 23 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रभावित करती है।

यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि कैंसर कोशिकाओं में होने वाले जीन उत्परिवर्तन के कारण होता है, जो आनुवांशिक या पर्यावरणीय कारकों से हो सकता है। इसके प्रमुख कारणों में धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, मदिरा सेवन अस्वास्थ्यकर आहार, मोटापा, सूर्य से निकलने वाली पैराबैंगनी (यूवी) विकिरण, कुछ वायरस और कुछ रासायनिक कार्सिनोजेन्स (जैसे एस्बेस्टस एवं वायु प्रदूषण) के सम्पर्क में आना शामिल है। पारिवारिक इतिहास भी कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 की प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने चेतावनी देते हुए कहा कि कैंसर से बचने के लिए धूम्रपान और तम्बाकू से दूर रहें, स्वस्थ वजन बनाएं रखें, नियमित व्यायाम करें और संतुलित आहार लें जिसमें फल, सब्जियाँ और साबुत अनाज शामिल हों। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की प्रभारी डॉ. सुषमा यादव ने कैंसर के चरण पता करने के लिए होने वाले विभिन्न परीक्षणों की जानकारी दी। डॉ. मोनिया राकेश सिंह, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने महिलाओं के कैंसर के सामान्य लक्षणों की जानकारी दी। डॉ. चाँदनी अफसाना, सहा. प्रा. वनस्पति शास्त्र ने कैंसर के सामान्य शुरूआती संकेतों जैसे असमान्य गांठ या सूजन, अस्पष्टीकृत वजन घटना, असामान्य रक्तस्त्राव आदि का लगातार बने रहने को नजरअंदाज न कर तुरंत डॉक्टर से परामर्श करने की सलाह दी।

बीएसपी के केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने स्वच्छता अभियान के तहत किया श्रमदान

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। केंद्रीय यांत्रिक संगठन के मुख्य महाप्रबंधक यांत्रिकी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत यांत्रिकी ज़ोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों में विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में सफाई और स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ कीं। सभी विभागों के कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल की स्वच्छता को बनाए रखने में निरंतर योगदान देंगे और राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। मुख्य महाप्रबंधक यांत्रिकी प्रमोद कुमार ने स्वच्छता श्रमदान कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और सफाई की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के अवसर पर यांत्रिकी ज़ोन के मुखिया प्रमोद कुमार के साथ महाप्रबंधक सीईडी राकेश पांडे महाप्रबंधक सीएचएम सुनील कुमार महाप्रबंधक सीआरएम पी जॉन वर्गीस महाप्रबंधक सीआरएम श्रीनिवास राव महाप्रबंधक सीआरएम प्रदीप्ता भौमिक महाप्रबंधक प्लांट गैरेज मंदीप सिंह भोगल और महाप्रबंधक यांत्रिकी सेवाएँ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन 23 और 24 अक्टूबर को

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सेमरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास 23 और 24 अक्टूबर को सुबह समय 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सभी कृषको एवं पशुपालको से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। 23 अक्टूबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन, वतस्य एवं कृषकों से परिचर्चा होगी। 24 अक्टूबर को विभिन्न प्रजाति, नस्ल, आयु समूह तथा उपयोगिता आधारित पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुधारू गाय भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, स्वस्थ बछड़ा बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, सांड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, बैल भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, मुर्गी बतख, जापानी बटेर पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बकरा बकरी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत सूकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता और विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को वितरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित हुए खैरागढ़ के चार उत्कृष्ट शिक्षक

खैरागढ़/नवप्रदेश। छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास ,समाज सेवा में संकल्पित शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में खैरागढ़ जिले के शिक्षको को भी विभिन्न प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र तिवारी अध्यक्षता राजेन्द्र चन्द्राकर ,विशेष अतिथि सुनिल शुक्ला , परस राम साहू रहे। शिक्षा, साहित्य, नवाचार, कला, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अप्रतिम कार्य शैली के लिए शिक्षा कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षकों में खैरागढ़ विकासखण्ड से इंदिरा चंद्रवंशी पूर्वमाशा खपरी सिरदार, सुनिता सिंह प्राथमिक शाला मुतेड़ा नवागांव, अजय सिंह राजपूत पूर्व माध्यमिक विद्यालय दपका, श्यामा बोरकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय ईटार के शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किया गया । उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलम राजपूत, बीआरसी सूजीत चौहान, कमलेश्वर सिंह , संकुल समन्वयक गिरवर बंजारे , निखिल सिंह, गणेश रजक , प्रेमलाल महिमा, रघुनाथ सिन्हा, हरिप्रसाद चंद्रवंशी,चंदन मिंज, ज्योति अग्रवाल, ब्रजेश दास, ललीता देवांगन सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

स्वदेशी की भावना से बनेगा आत्मनिर्भर भारत-देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए ÷स्वदेशी अपनाओ÷ और ÷वोकल फॉर लोकल÷ आव्हान से प्रेरित होकर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने धनतेरस के मौके पर नवापारा के स्थानीय बाजार से दिवाली पर्व संबंधी अवश्य वस्तुओं की खरीदी की। जानकारी देते हुए किशोर ने बताया कि भारत के स्थानीय व्यापारियों, विशेषकर छोटे और मध्यम व्यापारियों, को आर्थिक रूप से मजबूत करने और भारत सरकार द्वारा देशहित को देखते हुए अमेरिका से ट्रेड डील न करने से नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफसे प्रत्येक भारतीय व्यापारी को अप्रभावित रखने की दृष्टि से ÷स्वदेशी अपनाओ÷ और ÷वोकल फॉर लोकल÷ को बढ़ावा देने भारतीयों से अपील की गई है । इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को भी ताकत मिलेगी और देश, आर्थिक रूप से और मजबूत होकर विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ-साथ अमेरिका की दादागिरी को खत्म करने में भी सहयोग मिलेगा।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर

■ कोई भी गर्भवती माताएं स्वास्थ्य देखभाल सेवा से वंचित न रहें -कलेक्टर

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टरचंद्रवाल ने अधिकारियों को जिले की कोई भी गर्भवती माता स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से वंचित नही रहने देने के निर्देश दिए । कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि शत-प्रतिशत गर्भवती माताओं का पंजीयन सुनिश्चित कर प्रत्येक गर्भवती का प्रसव पूर्व चार बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवसों में गर्भवतियों की सूची अनुसार ट्रैकिंग कर विशेषज्ञ परामर्श सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे किसी भी उच्च जोखिम वाली गर्भवती माता का उपचार न छूटे। कलेक्टर ने कहा कि घर प्रसव होने की स्थिति में संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु प्रकरणों का शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ऑडिट निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग शत प्रतिशत पूर्ण कर पोर्टल में रिपोर्टिंग , आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड का 100 प्रतिशत

पंजीयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालयों में साप्ताहिक रूप से छात्रों को आयरन फोलिक एसिड गोलियों का वितरण शिक्षा विभाग के समन्वय से सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सभी 12 प्रकार की सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को समय पर दवा एवं जांच सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने नर्सिंग होम एक्ट एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं से जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित की जाएगी।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संभावितों की स्क्रीनिंग, वल्नरेबल जनसंख्या की जांच कर निक्षय पोर्टल में एंट्री की जाएगी तथा उपचाररत मरीजों को निक्षय मित्रों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। कलेक्टर चंद्रवाल ने आयुष्मान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत आभा कार्ड निर्माण शत प्रतिशत पूर्ण करने , सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऑनलाइन पंजीयन पर्ची तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सिविल अस्पतालों में ई-हॉस्पिटल प्रणाली के माध्यम से ओपीडी, प्रिस्क्रिप्शन, आईपीडी एवं दवा वितरण की सुविधा सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पोस्ट मॉर्टम एवं मेडिको-लीगल कार्यों को मेडलीपर पोर्टल से पूर्णत डिजिटल करने तथा सड़क दुर्घटना मरीजों की जानकारी आईरेड ऐप में दर्ज करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, जिला कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सलाहकार, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ तथा स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार गरीबों का घर तोड़ कर सेजबहार में मकान बना के बेचेगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा सरकार एक बार फिर से गरीबों का आशियाना उजाड़ने जा रही है। सेजबहार और मुजगहन की 13 एकड़ जमीन सरकार हाउसिंग बोर्ड को देने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। इस जगह पर पिछले 40 सालों से अधिक समय से 300 परिवार मकान बना के रहते है। इनमें से अधिकांश मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के बने है। सरकार इन मकानों को तोड़ना चाहती है। गरीबों के घर तोड़ के सरकार वहां हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से मकान बना कर बेचना चाहती है। ग्राम सभा ने भी भूमि हाउसिंग बोर्ड को देने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है। उसके बाद भी आबंटन की प्रक्रिया नहीं रुकी है। कांग्रेस गरीबों के मकानों को तोड़ने उन्हें बेदखल करने का विरोध करती है। सरकार अपने प्रस्ताव को वापस नहीं लेगी तो हम सड़क पर उतर कर इसका

विरोध करेगी।

भाजपा सरकार में आम आदमी के लिए अलग कानून धंधे बाजों के लिए अलग कानून है

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 लागू किया है। दावा किया जा रहा की इससे गरीबों को सस्ता प्लाट मिलेगा। सरकार की यह योजना गरीबों के लिए कम भाजपाई भू माफिया के लिए अधिक है। गरीबों के 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाने वाली भाजपा सरकार ने अपने चाहते बिल्डरों की सहूलियत के लिए नया नियम बना दिया। गरीब अपनी 5 डिसमिल से कम जमीन के दो टुकड़े भी नहीं कर सकता लेकिन नए नियम से 2 एकड़ जमीन लेकर आराम से उस पर प्लॉटिंग करिए। यह इस सरकार का दोहरा चरित्र है। आम आदमी के लिए अलग कानून धंधे बाजों के लिए अलग कानून।

छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं वसूली गैंग चल रही है

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दो सालों में ही सरकार का भ्रष्टाचार जन सामान्य को परेशान करने लगा है। सरकारी वसूली से आम आदमी और व्यापारी दोनों परेशान हैं। रायपुर से किसी भी सड़क पर निकल जाए आपको परिवहन विभाग के कर्मचारी चेकिंग के नाम पे वसूली करते दिख जायेंगे। गली कूचे में अवैध शराब बिकती दिख जाएगी, सरकारी दुकानों में बिना होलोग्राम की शराब बिक रही है। बार्डर से शराब की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। कोयले के परिवहन के पिट पास पे प्रति टन 100 रु. की वसूली हो रही, तहसील ऑफिस से लेकर पटवारी ऑफिस तक बिना लेन देन के कोई काम नहीं हो रहा, व्यापारियों को छापे मारी का भय दिखा के वसूली किया जा रहा है, थाने में बिना चढ़ावे के एफआईआर भी नहीं होती, दवाओं में कमीशन खोरी हो रही अस्पतालों में दवाइयां तक नकली सप्लाई हो रही है। ऐसा लग रहा प्रदेश में सरकार नहीं वसूली गैंग चल रही है। भ्रष्टाचार की काली कमाई के पैसे से तीन करोड़ का बंगला गिफ्ट दिया जा रहा है। कोई 350करोड़ का शीश महल बनवा रहा। जनता खुद को ठगी महसूस कर रही है ।

खैरागढ़ जिला प्रशासन की पहल

वनांचल तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने आदि आरोग्य रथ को किया रवाना

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सशक्त बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने आदि आरोग्य रथ वाहन सेवा का शुभारंभ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार , उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने आदि आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिपं के सभापति , सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि पीएम-जनमन क्षेत्र के वनवासी समुदायों एवं जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह एक विशेष पहल है। इस सेवा से जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सकेगा।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने बनाए उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्यालय परिसर में रजत जयंती वर्ष पर स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की विक्रय सह प्रदर्शनी का आयोजन जनपद पंचायत , जिला पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान', राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन, फास्ट फूड, चाट-गुपचुप, फिनायल, हार्पिक, साड़ी, मसाले, फोटो फ्रेम आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया। दीवाली पर्व के मद्देनजर मिट्टी और गोबर से बने दीपक, अगरबत्ती, मूर्तियां, डिज़ाइनर मोमबत्तियां, रंगोली व मिठाइयों के स्टॉल नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। फूड फेस्टिवल एवं प्रदर्शनी में कलेक्टर कार्यालय, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी नागरिकों ने सहभागिता की। खरीदारों की सक्रिय उपस्थिति से आयोजन स्थल पर मेले जैसा वातावरण बना रहा।आयोजन के दौरान कुल 11 स्टॉलों के माध्यम से 21 स्व-सहायता समूहों ने 16,500 रू से अधिक के स्व उत्पादो की बिक्री की।

स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ के नारों से गूंजा महाकाल चौक

■ पत्रकारों का हुआ सम्मान

■ कपड़े के झोले एवं पेड़ बांटे गए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाकाल चौक में शुक्रवार को कैट , स्वदेशी जागरण मंच एवं पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में ÷वोकल फॉर लोकल÷ कार्यक्रम एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा, मणि भास्कर गुप्ता, , गुरमुख दास वाधवा, स्वदेशी जागरण मंच से राजकुमार शर्मा, श्रीमती संगीता शुक्ला, अमलेश राय, सुरेश पंजवानी, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पत्रिका से जिला ब्यूरो प्रमुख कुलदीप मोहन ने भी आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

जागरूकता के लिए झोले और पंपलेट का वितरण

आयोजन से जुड़े सभी लोगों को कपड़े के 150 झोले वितरित किए गए ताकि प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश समाज तक पहुँचे। साथ ही एक जानकारीपूर्ण पंपलेट भी बांटा गया, जिसमें बताया गया कि कौन-से उत्पाद स्वदेशी हैं और कौन-से विदेशी। इसका उद्देश्य लोगों को खरीदारी के समय सही निर्णय लेने के लिए जागरूक करना था। पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु आम नागरिकों को पेड़ पौधों का वितरण किया गया।कैट, स्वदेशी जागरण मंच और पत्रिका के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करना सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी है। आने वाले त्योहारी मौसम में卐वोकल फॉर लोकल卐 को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

पत्रकारों का हुआ सम्मान

समारोह में राज्य एवं संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति में शामिल सूरज बुद्धदेव, अशोक पांडे एवं शशांक तिवारी सहित शहर के कई पत्रकारों किशोर शिल्लेदार, खेमराज वर्मा, अखिलेश खोबरागड़े, अमित चटर्जी, विकल्प श्रीवास्तव, मनोज देवांगन, नितिन खोबरागड़े, दीपक साहू आदि को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी हैं, जो सच्चाई को जन-जन तक पहुँचाते हैं।

स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ के गूंजे नारे

कार्यक्रम स्थल स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ, जब भी बाजार जाएंगे, स्वदेशी सामान लाएंगे÷ और ÷भारत की मांग, वोकल फॉर लोकल÷ जैसे नारों से गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने लोगों से विदेशी वस्तुओं के बजाय देशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ÷स्वदेशी अपनाओ, देश को सशक्त बनाओ।÷ कार्यक्रम ने समाज में आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का नया संदेश दिया।

पुण्य के उदय में प्रमाद न करें : मनीष सागर दीपावली पर विशेष प्रवचन

रायपुर/नवप्रदेश। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में शनिवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि परमात्मा के प्रति सदैव समर्पण भाव होना चाहिए। पुण्य के उदय में प्रमाद नहीं करना चाहिए। इससे पुण्य का अवसर खो जाता है। पुण्य का उदय पूंजी है। इस पूंजी से और अधिक पुण्य कमाना है। धीरे-धीरे पुण्य को बढ़ाकर ऊपर उठने का कार्य करना है। सदैव समर्पण की राह पर चलना चाहिए। समर्पण एक ऐसा माध्यम है जिससे लाभ ही होता है।।समर्पण से सदैव आगे ही बढ़ते जाएंगे। परमात्मा के प्रति समर्पण ही हमें ऊंचाइयों को हासिल कराएगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अहंकार गलेगा तभी भगवान महावीर स्वीकार होंगे। जीवन का पूर्ण रूप केवल परमात्मा में ही दिखाई देगा। भगवान महावीर के निर्वाण में ही परमात्मा की संसार अवस्था समाप्त हुई। पूर्ण मुक्त अवस्था सिद्ध अवस्था प्रारंभ हुई। ऐसे व्यक्तित्व के प्रति समर्पण बहुत गहरा होना चाहिए। जो इस भव में ही नहीं, जब तक हमारा भव नहीं छूटे तब तक परमात्मा का साथ नहीं छूटे। इतना गहरा समर्पण होना चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कभी देखा देखी नहीं करना चाहिए। भेड़ चाल में नहीं चलना चाहिए। धर्म कार्य केवल करने के लिए नहीं होना चाहिए। समर्पण भाव के साथ धर्म से जुड़ाव होना चाहिए। लक्ष्य नहीं होगा तो परमात्मा की आवश्यकता और उनके आदर्श नहीं समझ पाएंगे। यदि आपका लक्ष्य परमात्मा बनना होगा तो ही परमात्मा समझ आएंगे। भीतर साध्य भगवान महावीर को प्रकट करना होना चाहिए। पहले लक्ष्य होना चाहिए। मूल लक्ष्य तय करना होगा। उपलक्ष्य का माध्यम लेकर चलना होगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि समर्पण भगवान महावीर के प्रति वैसा होना चाहिए जैसा मीरा का श्रीकृष्ण के प्रति था। गौतम स्वामी का भगवान महावीर के प्रति था। भगवान महावीर की ऊंचाइयों को समझना है तो उनका ज्ञान, दर्शन और चारित्र्य को समझना होगा। भगवान महावीर ने वीतरागता के लिए 27 भव की साधना की। हमारे तो अनंत भव हो गए हैं फिर भी हम नहीं समझ पा रहे हैं। भगवान महावीर ने आत्मा के अनंत गुणों को ज्ञान, दर्शन और चारित्र्य से हासिल किया। यह परमात्मा की ऊंचाई है।

जिंप. सदस्य श्रद्धा ने की बीएलओ कार्य शिक्षकों की जगह बेरोजगार युवाओं से कराने की मांग

उतई/नवप्रदेश। जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा के दौरान सभापति श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने जिले में बीएलओ कार्य शिक्षकों की जगह बेरोजगार युवाओं से कराने की मांग की। जिसका समर्थन जिला पंचायत की सामान्य सभा में उपस्थित बाकी सदस्यों ने भी किया। जिंप. सदस्य श्रद्धा का कहना था कि शिक्षकों से बीएलओ कार्य कराए जाने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होती है।

युक्तियुक्तकरण के बाद वैसे भी सरकारी स्कूलों में सीमित टीचर्स बचे हैं। ऐसे में बीएलओ कार्य शिक्षकों को दिया जाता है तो बच्चों की पढ़ाई में दिक्कत होती है। टीचर्स अपना पूरा समय इसी कार्य में निकाल देते हैं। जिससे बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इसका असर स्कूली बच्चों के रिजल्ट में साफ-साफदिखाई देता है।

बेरोजगार युवाओं का कार्य देने सौंपा ज्ञापन

जिपं. सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने बीएलओ कार्य शिक्षकों की जगह बेरोजगार युवाओं से कराए जाने के लिए दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि यदि बीएलओ कार्य बेरोजगार युवाओं को दिया जाएगा तो टीचर्स का काम हल्का हो जाएगा। स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। बेरोजगार युवाओं को कुछ समय के लिए आंशिक रोजगार मिल जाएगा। जिससे उनका आर्थिक स्तर सुधर जाएगा। टीचर्स को वैसे भी बीएलओ कार्य के लिए अतिरिक्त भुगतान किया जाता है, अगर यही भुगतान मितानिन, स्व -सहायता समूह की बहनों या बेरोजगार युवाओं को किया जाए तो उन्हें एक अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने इस मांग पर विचार करने की बात कही है।

न्यूज गैलरी

दीपावली पर महिलाओं के लिए उद्यमिता का मंच बना बिहान स्टॉल

मुंगेली/नवप्रदेश। दीपावली के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) बिहान के अंतर्गत महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला उद्यमिता स्टॉल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत मुंगेली (छत्तीसगढ़) द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। स्टॉल में पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुएँ जैसे दीये, मिठाई, पूजा-पाठ की सामग्री, अगरबत्ती, धूप, कलश, ग्वालिन दीया-गुल्लक, झूमर मिरर, साड़ी, स्कार्फ, थैले आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने स्टॉल का अवलोकन किया और समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए आर्थिक रूप से आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के मौके पर लगाई गई यह प्रदर्शनी न केवल उत्सव की रौनक बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की मिसाल भी पेश कर रही है। बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ अपने स्थानीय उत्पादों के माध्यम से लोकल को वोकल बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इस स्टॉल के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों को बाजार से जोड़ने, ग्राहकों से संवाद स्थापित करने और व्यवसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। स्थानीय नागरिक भी इन हस्तनिर्मित वस्तुओं को उत्साहपूर्वक खरीदकर महिलाओं के इस प्रयास को प्रोत्साहन दे रहे हैं।

कुसमी स्थित अमित ऑनलाइन सेंटर किया गया सील

बलरामपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुसमी क्षेत्र में अमित ऑनलाइन सेंटर द्वारा आधार क्लोन के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाने की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। प्राप्त शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करूण डहरिया के निर्देशन में तहसीलदार कुसमी रॉकी एक्का तथा जिला प्रबंधक सीएससी निशांत सिन्हा की संयुक्त टीम ने संबंधित ऑनलाइन सेंटर की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सेंटर संचालक अमित पैकरा द्वारा फर्जी तरीके से आधार क्लोन के माध्यम से आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। इस गंभीर अनियमितता पर तहसीलदार एक्का ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सेंटर को सीलबंद कर दिया और आगे कार्रवाई शुरू की गई। अनुविभागीय अधिकारी करुण डहरिया ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों की तैयारी या नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी से छेड़छाड़ करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सजावटी सामान, कपड़े और आभूषणों की दुकानों में ग्राहकों की भारी चहल-पहल

दीपावली पर बाजार में रौनक, खरीदारी करने उमड़ी भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। दीपावली का पावन पर्व के चलते देश भर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दिवाली को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, जिसका सीधा असर बाजार की चहल-पहल पर दिखाई दे रहा है। कपड़ा बाजार से लेकर सर्राफा बाजार और सजावट के सामान की दुकानों तक हर जगह ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

कार्तिक का महीना आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत शुभ माना जाता है, ये महीना वैभव प्रदान करने वाला होता है। क्योंकि इस महीने मे अनेकों शुभ कार्य किये गए थे, साथ ही मां लक्ष्मी की पूजा का पर्व दिवाली मनाया जाएगा। इसमें धनतेरस, नरक चर्तुदशी, लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा व भाईदूज शामिल है। प्रत्येक दिन का विशेष महत्व होता है और उसी के आधार पर पूजा की जाती है। दीपावली के दिन मां लक्ष्मी व कुबेर की आराधना की जाती है। इस दिन को खरीददारी के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। धनतेरस के दिन लोगो मे खरीदारी के लिए भारी उत्साह देखा गया। साथ ही नगर में ट्रैफिक की समस्या भी देखने को मिली, लोगो का आना-जाना देर रात तक लगा रहा घरों की छत एवं घर के बाहर लोग दीपावली का उत्साह मनाते नजर आए, बच्चे फटाको की गुंज में खेलते नजर आए।

सजावट और लाइटिंग की धूम- बाजारों में इस समय सबसे ज्यादा धूम सजावटी सामान और रंग-बिरंगी लाइटों की है। दुकानों में तरह-तरह की कंदीलें (कागज और मिट्टी की नई डिजाइन), झालरें, रंगोली के सांचे और शुभ दीपावली लिखे सजावटी सामान सजे हुए हैं। इस बार इको-फ्रेंडली (पर्यावरण हितैषी) मिट्टी के दीये और बांस की झालरें ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रही हैं। लोग अभी से ही अपने घरों की साज-सज्जा के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

कपड़ा और सर्राफा बाजार में तेजी-कपड़ा बाजार में भी रौनक लौट आई है। त्योहारों के लिए नए कपड़े खरीदने के लिए लोग दुकानों पर उमड़ रहे हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री में तेजी आई है। लोग अपनी पसंद के आभूषणों की खरीदी कर रहे हैं।

मिट्टी के दीये और मोमबत्तियां- पारंपरिक मिट्टी के दीये बाजारों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही, अलग-अलग डिजाइन और आकार की खुशबूदार मोमबत्तियां भी

व्यापारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद

बाजार की इस उत्साहपूर्ण स्थिति को देखकर व्यापारियों को उम्मीद है कि इस साल दीपावली पर अच्छा कारोबार होगा, जो पिछले कुछ समय की मंदी को दूर करने में सहायक होगा। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दो-तीन दिनों में बाजार में भीड़ और बढ़ेगी, जो पूरे पर्व तक बनी रहेगी। दीपावली की तैयारी को लेकर बाजारों में सुबह से लेकर देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है, जो इस बात का संकेत है कि इस बार का दीपोत्सव पूरे जोश और खुशी के साथ मनाया जाएगा।

मनरेगा से बनकर तैयार हुआ पंडरीपानी आंगनबाड़ी केंद्र

सुरक्षित वातावरण में नौनिहालों को मिलेगी शिक्षा, पोषण स्तर में भी होगा सुधार

***ग्रामीणों को मिला 494 मानव दिवस का रोजगार, सुधरी आर्थिक स्थिति**

***मनरेगा अंतर्गत जिले में 393 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की मिली है स्वीकृति**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जिले के जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत पंडरीपानी में आंगनबाड़ी भवन बनकर तैयार है। आंगनबाड़ी भवन के अभाव में पहले आंगनबाड़ी छोटे से एक कमरे वाले किराए के भवन में संचालित होता था। सीमित स्थान के कारण बच्चों को पढ़ने, खेलने में कठिनाई होती थी। वहीं भवन की भी स्थिति खराब होने के कारण अभिभावक बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने से डरते थे। अब स्वच्छ, सुंदर, सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन तैयार हो जाने से ग्रामवासी बहुत खुश हैं, उनके बच्चों को अब सुरक्षित वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा मिलेगी। मनरेगा के तहत 11.69 लाख रुपये की लागत से पंडरीपानी आंगनबाड़ी भवन तैयार किया गया और इसके निर्माण के दौरान 494 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ है, जिससे ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। नवीन आंगनबाड़ी केंद्र में एक हॉल, ऑफिस, किचन,शौचालय का निर्माण कराया गया है। यहां फर्श पर टाइल्स,मजबूत दीवारें, दरवाजे खिड़कियां, बच्चों के खेलने के लिए आंगन सहित सभी व्यवस्था है। दीवारों पर रंग बिरंगी तस्वीरें बनाई गई हैं, शिक्षाप्रद चित्रों, अक्षर ज्ञान, मनमोहक कार्टून आदि उकेरे गए हैं। जिसे देखकर बच्चे आकर्षित हो रहें हैं और खेल-खेल में नित नया ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। आंगनबाड़ी सहायिका ने बताया कि यहां 22 बच्चे पंजीकृत हैं, भवन निर्माण से पहले उपस्थिति कम रहती थी। बच्चों को केंद्र भेजने के लिए पालकों के घर जाकर उन्हें प्रेरित करना पड़ता था, आज वे स्वयं बच्चों को आंगनबाड़ी भेज रहे हैं। आंगनबाड़ी में बच्चों को पोषण आहार खिलाया जा रहा है, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता, पोषण आहार की जानकारी दी जाती है और शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार एवं पूरक पोषक आहार प्रदाय किए जाते हैं। बता दें प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा अंतर्गत जिले में 393 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिला प्रशासन द्वारा तेजी से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

धर्मान्तरण के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना दरिमा पुलिस ने धर्मांतरण कराये जाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 16 को जानकारी प्राप्त हुआ कि जयप्रकाश साव निवासी सीतापुर अजित कुमार कुजूर निवासी मगारी तथा झकल राम प्रजापति कुम्हरता गवरडांड के यहां लगभग 50 की संख्या में लोगो को एकत्रित कर विद्ववेशपूर्ण तरीके से हिन्दू धर्म के विश्वास को ठेस पहुंचाते हुये उनके धर्म से जुड़ने तथा हर परेशानी हर बिमारी को दूर कर देने की दावे के साथ धर्मातंरण कराये जाने प्रयास किया जा रहा था। आस पास के लोगो को जानकारी मिलने पर उन्होंने मौक़े में जाकर देखा जयप्रकाश साव निवासी सीतापुर, अमित कुमार कुजूर निवासी मंगारी एवं झकल राम निवासी कुम्हरता गवरडाँड़ धर्मातरण करा रहे थे। मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे अपराध क्रमांक 151/25 धारा छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 4 एवं 299, 3(5) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले को संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस टीम को मामले मे सखूती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी जयप्रकाश साव,अजित कुमार कुजूर एवं झकल राम प्रजापति को तलब कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम जयप्रकाश साव पिता पन्नालाल साव निवासी खरसिया रायगढ हाल मुकाम चलता सीतापुर थाना सीतापुर अजित कुमार कुजूर निवासी मंगारी थाना सीतापुर झकल राम प्रजापति निवासी कुम्हरता गवरडांड़ थाना दरिमा का होना बताये, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया।

जिले के डॉ. ललित को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर का मिला पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉनक्लेव 2025 में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के डॉ. ललित शुक्ला को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर (आदि कर्मयोगी अभियान) के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान में उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रशिक्षण एवं जनजातीय नेतृत्व को सशक्त बनाने के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आरंभ किए गए आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य भारत में जनजातीय समाज के लिए एक मजबूत, उत्तरदायी और सहभागी शासन प्रणाली विकसित करना है। इसे विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो कैडर आधारित मॉडल और अंतर-विभागीय अभिसरण पर केंद्रित है। इस अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदायों के अंतिम छोर तक शासन, योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर ने दी जिले वासियों को शुभकामनाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में 20 अक्टूबर दीपावली मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली का पावन पर्व सभी जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। रोशनी का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा और आरोग्य से प्रकाशित करे। उन्होंने कहा कि यह उत्सव सभी जिले वासियों के घर-परिवार को खुशियों से रोशन करे और सभी के कार्य सफल हों। उन्होंने दीपावली के इस शुभ अवसर पर जिले वासियों से अपील की है कि स्थानीय बाजार, बिहान बाज़ार में पहुंचकर मिट्टी के दिये खरीद कर उनका उत्साहवर्धन करें।

चोरी का खुलासा: सोने-चांदी के जेवरात सहित स्कूटी जब्त

लखनपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में थाना गांधीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लाख रुपये से अधिक की चोरी का खुलासा किया है। चोरी की इस घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी सहित दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्य प्रकाश सिंह, निवासी केशवपुर, ने 3 अक्टूबर 2025 को थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 2 अक्टूबर को अपने पुश्तैनी घर नागपुर गया था। अगले दिन लौटने पर देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल, स्मार्टवॉच व 30,000 रुपये नगद चोरी हो चुके थे। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 568/25 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध मनीष सोनकर (18 वर्ष) एवं रमेश सेमरिया (41 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने कुछ जेवरात विनोद गुप्ता व संजय सोनी को बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों खरीदारों से भी जेवरात जब्त कर लिए हैं। मामले में आरोपी मनीष सोनकर के पास से सोने-चांदी के जेवरात, रेडमी मोबाइल और स्कूटी बरामद की गई। वहीं दो विधि से संघर्षरत बालकों से चांदी के कड़े, ईयरफोन, पेनड्राइव व घटना में प्रयुक्त नेलकटर भी जब्त किया गया। आरोपियों ने चोरी की रकम को खाने-पीने और घूमने-फिरने में खर्च करना बताया। पुलिस ने चोरी की संपत्ति खरीदने और साक्ष्य छिपाने के आरोप में धारा 238, 317(2), 3(5) बी.एन.एस. भी जोड़ी है। मुख्य आरोपी मनीष सोनकर को जेल भेज दिया गया है।

गेड़ी दौड़, पिट्टूल और फुटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लखनपुर, लुण्ड्रा,अंबिकापुर, मैनपाट और सीतापुर ब्लॉक में किया गया। दो दिवसीय इस खेल आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत आयोजित खेलों में गेड़ी दौड़, पिट्ठूल और फुटबॉल प्रतियोगिताएं प्रमुख शामिल हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और प्रतिस्पर्धा के साथ विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविष्वास का विकास होता है, जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि खेल महोत्सव के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में स्थानीय स्तर के खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक

पथरिया विकासखण्ड में प्रधानपाठकों की एक दिवसीय बैठक

विद्यालयों में सुधार के लिए मेंटर प्रणाली, इमला लेखन और होमवर्क पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। पथरिया-मिडिल स्कूल के प्रधानपाठको का विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बैठक सम्पन हुई। स्वामी आत्मनन्द विद्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक शामिल हुए, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठको बैठक के प्रारम्भ में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई ने प्रधान पाठको को सम्बोधित करते हुए प्रधान पाठको के बैठक में कहा कि संयुक्त संचालक शिक्षा सभाग के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को दर्ज संख्या अनुसार बाँट कर शिक्षकों को मेंटर के रुप में कार्य करे जिससे विधायर्थियों की विषय से संबंधित कमजोरियो को किया जा सके, इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अनुरूप बच्चो में मूलभूत दक्षता हासिल करने हेतु प्रतिदिन इमला लेखन,होमवर्क उत्तर लेखन कार्य कराया जाये ताकि बच्चों में मूलभूत दक्षता विकसित हो सके स शासन द्वारा निर्धारित समय अवधि में शाला का संचालन, जाति प्रमाण पत्र स्कूली विद्यार्थियों का आपार आईडी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु एवं विद्यालय परिसर में पुताई कार्य तथा आवश्यक साफ सफाई करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, ए बी ई ओ रविपाल राठौर ने सभी प्रधानपाठको को कहा कि आप सभी अपने विद्यालय में पूरी ईमानदारी से कार्य करें ताकि बच्चों का शैक्षिक स्तर में सुधार आ सके। ए वी ई ओ यतेंद्र भास्कर ने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र एवं उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत नवसाक्षर तैयार करने कहा, बी आरसीसी अशोक यादव ने यू डाइस प्रोग्रेशन, एक पेड़ माँ के नाम आपर आईडी के सम्बन्ध में अपनी बातें रखी इस अवसर पर सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक बैठक में उपस्थित रहें।

पौनी मंडल का विजयदशमी उत्सव अनुशासन और उत्साह से संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पौनी मंडल का विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम ग्राम कोलिहा डोंडा के गोठान स्थित शेड में अत्यंत उत्साह एवं अनुशासनपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्र म के मुख्य वक्ता संदीप ताम्रकार, जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख जीवन बीमा सेवा क्षेत्र रहे। उन्होंने अपने प्रेरक बौद्धिक में संघ के कार्य, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, गायत्री परिवार कार्यकर्ता, झलियापुर रहे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय चेतना और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज परिवर्तन का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मंडल कार्यवाह आश्रित सिंह द्वारा किया गया। मुख्य शिक्षक नटराज सिंह रहे। प्रार्थना का नेतृत्व जयचंद सिंह बुंदेली ने किया। एकल गीत का सुंदर प्रस्तुतिकरण गजपाल साहू द्वारा किया गया। ध्वज वाहक की भूमिका टाकेश यादव ने निभाई।

महापौर मीनल चौबे ने जीई रोड का किया निरीक्षण

■ दीवाली से पहले सफाई और फ्लैक्स-मुक्त व्यवस्था के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने जीई रोड पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दीवाली पर्व से पहले, दौरान और बाद में शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारु रखने और फ्लैक्स-मुक्त जोन लागू करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, अरुण ध्रुव, खीरसागर नायक, मती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता डी.के. पैकरा, सुशील मोडेस्टस, शेखर सिंह, लाल महेंद्र प्रताप सिंह, अतुल चोपड़ा, आशुतोष सिंह, उप अभियंता नीतीश झा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन, पूरन कुमार ताण्डी, वीरेंद्र चंद्राकर, संदीप वर्मा, गोपीचंद देवांगन सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

बाजारों को कब्जा-मुक्त करने के निर्देश

महापौर और आयुक्त ने दीवाली के दौरान मुख्य मार्गों और बाजारों को कब्जा-मुक्त रखने का आदेश दिया, ताकि नागरिकों को त्योहारी खरीदारी और आवागमन में सुविधा हो। इस पहल से रायपुर में स्वच्छता और व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिससे शहरवासियों को त्योहार का आनंद बिना किसी परेशानी के मिल सके।

महापौर ने स्वयं हटवाए अपने पोस्टर

निरीक्षण के दौरान महापौर ने जीई रोड पर अपने जन्मदिन की बधाई वाले पोस्टर देखे। उन्होंने तुरंत टीम प्रहरी को बुलाकर अपने फोटो वाले पोस्टर हटवाए। साथ ही, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक सभी बैनर-पोस्टर हटाने के लिए तत्काल अभियान चलाने का आदेश दिया। उन्होंने जीई रोड को फ्लैक्स-मुक्त जोन बनाने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने के निर्देश दिए।

दीवाली में स्वच्छ रायपुर का लक्ष्य

महापौर मती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्डों में दीवाली से पहले, दौरान और बाद में सफाई व्यवस्था को बनाए रखें। कहीं भी कचरा या गंदगी दिखे तो तुरंत सफाई करवाएं और जनशिकायतों का त्वरित समाधान करें। उनका लक्ष्य है कि त्योहारी मौसम में रायपुर की सफाई व्यवस्था सुव्यवस्थित रहे।

चुनाव प्रचार के लिए दिवाली बाद बिहार में कैम्प करेंगे कांग्रेस नेता

रायपुर/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को भेजने की तैयारी है। वहीं पूर्व में जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी गई थी, संगठन सृजन अभियान निपटने के बाद अब वे भी रवाना होंगे। पूर्व में एआईसीसी ने राज्य के 7 नेताओं को बिहार के विभिन्न जिलों में तैनात किया था। इधर बिहार में प्रचार के लिए क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों के आधार पर अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी भेजा जाएगा। संगठन ऐसे नेताओं को सूचीबद्ध कर रहा है। दीपावली के बाद संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवानगी का सिलसिला शुरू होगा। वहीं बिहार पीसीसी की डिमांड के आधार पर भी प्रचार के लिए कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। वे पहले ही वहां कैम्प कर चुके हैं। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को जिला ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी के तौर पर पीसीसी महामंत्री दीपक मिश्रा के अलावा पूर्व मंत्री अमरजीत भगत एवं पूर्व विधायकों में रेखचंद जैन, शैलेष पांडे, भुवनेश्वर बघेल, विनय भगत और चंद्रदेव राय को जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभावार जिम्मेदारी मिलने के बाद संबंधित नेता अपने प्रभार वाले जिलों में एक राउंड प्रचार के बाद लौट चुके हैं। अब दीपावली के दूसरे दिन से सभी नेता फिर डेरा डालेंगे। पीसीसी महामंत्री दीपक मिश्रा को गया जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। वे संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्ष के खुद दावेदार थे, इसलिए दोबारा नहीं जा पाए। इसी तरह शैलेष पांडे भी पीसीसी के ऑब्जर्वर बनाए गए थे। अब 20 अक्टूबर के बाद बिहार पहुंचने का कार्यक्रम है। इधर बिहार से प्रचार के लिए नेताओं की डिमांड आने पर तत्काल सूची घोषित की जाएगी।

सालेम स्कूल में महिला से मारपीट

■ डायसिस सचिव नितिन के खिलाफ पांचवीं एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के सालेम स्कूल में शनिवार की शाम एजुकेशन बोर्ड की महिला सचिव से जमकर मारपीट की गई। इस मामले में छत्तीसगढ़ डायसिस चर्च ऑफनार्थ इंडिया के सचिव नितिन लॉरेंस व अन्य के खिलाफसिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नितिन के खिलाफ यह पांचवीं एफआईआर है। इससे पहले अलग-अलग थानों में उनके खिलाफ ठगी सहित अन्य चार मामले दर्ज हैं। मामले में दूसरे पक्ष ने भी महिला सचिव व अन्य के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक, शशि वाघे छत्तीसगढ़ डायसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की सचिव हैं। शनिवार को सोसाइटी एवं फर्म रजिस्टार में पेशी में शामिल होने के बाद वे अपने सहयोगियों के साथ सालेम स्कूल गई थीं। इसी दौरान नितीन लारेंस, जयदीप राबिन्सन, रूपिका लारेंस, राकेश जयराज, प्रीति यादव, राहुल करीम, शुभवानी, साक्षी, यूऐल, असीम विक्रम, बिशप सुषमा कुमार, सुबोध कुमार, गजेंद्र और अन्य लोगों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उनसे मारपीट की। नुकीली वस्तु से हमला किया। उनका मोबाइल तोड़ दिया। इसकी शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने नितिन लॉरेंस, रूपिका लॉरेंस व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया है।

छत्तीसगढ़ डायसिस चर्च ऑफनार्थ इंडिया के सचिव नितिन लॉरेंस के खिलाफ अलग-अलग थानों 5 एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसके बावजूद उनकी गिरतारी नहीं की जा रही है। ठगी के मामले भी पुलिस ने उन्हें गिरतार नहीं किया। सिविल लाइन थाने में 19 जून 2025 को नितिन उनकी पत्नी रूपिका लॉरेंस, जयदीप रॉबिन्सन, एसके नंदा, अजय उमेश जेस, बीके नायक के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत मामला दर्ज हुआ। बिलासपुर में राजस्व निरीक्षक मयंकमणि दुबे की शिकायत पर नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिनसंस व अन्य के खिलाफ अगस्त 2024 में बीएनएस की धारा 324, 329, 3-5 के तहत मामला दर्ज हुआ। तिल्दा-नेवरा थाने में 2 जून 2025 को पादरी सेमसन सेमुअल की शिकायत पर नितिन व अन्य लोगों के खिलाफधमकी, गाली-गलौज के आरोप में मामला दर्ज हुआ। भिलाई नगर थाने में 61 वर्षीया बुजुर्ग नीलिमा रॉबिंस को नितिन ने फोन में अश्लील गाली-गलौज की। वहां भी मामला दर्ज हुआ। अब सिविल लाइन में फिर एक एफआईआर दर्ज हुई है।

दूसरे पक्ष का भी मामला दर्ज

इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से शिक्षिका प्रीति यादव ने शशि वाघे व उनके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रीति के मुताबिक शनिवार शाम को बिना परमिशन के स्कूल में कुछ लोगों के घुसने की सूचना मिली। इसके बाद वह रूपिका लॉरेंस, पल्लवी व अन्य के साथ स्कूल पहुंची। इस दौरान अनवर अली, वैभव तथा अन्य कुछ लोगों ने गाली देनी शुरू कर दी। उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। इसकी शिकायत पर शशि वाघे, सपना जॉर्ज, अनवर अली, निलिमा रॉबिंस, मौरिशन जार्ज, वैभव व अन्य केस दर्ज किया गया है।







न्यूज गैलरी

एनसीएच पर हर महीने एक लाख से अधिक शिकायतें की जा रही दर्ज

नई दिल्ली। केंद्र के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष व्यावसायिक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एनसीएच समय पर शिकायतों का निवारण कर उपभोक्ताओं, कंपनियों और अधिकारियों के बीच सहयोग को सुगम बनाता है। साथ ही, एनसीएच टेक्नोलॉजी का लाभ उठाकर व्यक्तियों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना न्याय पाने में सक्षम बनाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने से हेल्पलाइन की पहुंच और दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कॉल की संख्या दस गुना से भी अधिक बढ़ गई है। कॉल की संख्या दिसंबर 2015 में 12,553 से बढ़कर दिसंबर 2024 में 1,55,138 हो गई है। वहीं, मासिक शिकायत पंजीकरण की औसत संख्या 2017 में 37,062 से बढ़कर 2025 में 1,70,585 हो गई है। इसी तरह, कन्वर्जेंस पार्टनर की संख्या 2017 में 263 से बढ़कर सितंबर, 2025 तक 1,142 कंपनियों तक पहुंच गई है। इससे समय पर शिकायत निवारण के लिए सहयोगी तंत्र मजबूत हुआ है। कन्वर्जेंस पहल के तहत, कंपनियां स्वैच्छिक और निःशुल्क आधार पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के साथ साझेदारी करती हैं ताकि ग्राहकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शिकायतें तुरंत भेजी जाती हैं और कंपनियों से 30 दिनों के भीतर जवाब देने की अपेक्षा की जाती है। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, डिजिटल माध्यमों की शुरुआत के साथ, हेल्पलाइन पर लगभग 65 प्रतिशत उपभोक्ता शिकायतें ऑनलाइन और डिजिटल माध्यमों से दर्ज की जाती हैं। वॉट्सऐप के माध्यम से शिकायत पंजीकरण में वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2023 में 3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 में 20 प्रतिशत हो गई है।

चैट जीपीटी ने दिए 'लकी नंबर' और महिला ने जीत लिए 88 लाख रुपये

वायनडॉट। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के कारनामे आए दिन सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन इस बार एआई ने एक महिला की किस्मत ही चमका दी है। अमेरिका में रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला ने एआई प्रोग्राम 'चैटजीपीटी' से मांगे गए नंबरों पर लॉटरी खेली और 1,00,000 डॉलर (यानी करीब 88 लाख रुपये) की भारी-भरकम रकम जीत ली। मिशिगन लॉटरी अधिकारियों के मुताबिक, 45 वर्षीय टैमी कार्वे ने बताया कि उन्होंने सितंबर में पावरबॉल लॉटरी का टिकट ऑनलाइन खरीदा था। वह आमतौर पर तभी लॉटरी खेलती हैं जब जैकपॉट बहुत बड़ा हो। इस बार जैकपॉट 1 अरब डॉलर (करीब 8300 करोड़ रुपये) से ज्यादा पहुंच गया था, इसलिए उन्होंने अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया। टैमी ने इस अनोखी जीत पर बात करते हुए कहा, मैंने इस बार खुद नंबर चुनने के बजाय ChatGPT से पावरबॉल के लिए कुछ नंबर मांगे और उन्हीं नंबरों को मैंने अपने टिकट पर इस्तेमाल कर लिया।

अमेरिकी नीतियों और वैश्विक तनावों से सोने की मांग में जबरदस्त तेजी

पीली धातु के 2026 तक 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना : रिपोर्ट

नई दिल्ली। पिछले धनतेरस के बाद से सोने ने रुपए के संदर्भ में लगभग 63 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 53 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक पीली धातु के 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना है।वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व, ईटीएफ प्रवाह और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से मिले नरम रुख वाले संकेतों के कारण सोने में तेजी आई है।मार्च 2025 से सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, जो 3,000 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर लगभग 4,254 डॉलर हो गई हैं। भारत में धनतेरस 2024 को सोने की कीमतें 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर वर्तमान में 128,200 रुपए हो गई हैं।रिपोर्ट में कहा गया है, धनतेरस 2025 से अगली तेजी की शुरुआत करते हुए, 5000 डॉलर प्रति

औंस या 1,50,000 रुपए प्रति दस ग्राम के अनछुए स्तर 2026 में पहुंच सकता है। वेंचुरा के कमोडिटीज एवं सीआरएम प्रमुख एन.एस. रामास्वामी ने अमेरिकी श्रम बाजार में बढ़ते नकारात्मक जोखिमों पर प्रकाश डाला, जिसके कारण दरों में कटौती जरूरी हो गई है।रामास्वामी ने कहा, आर्थिक आंकड़ों (रोजगार और मुद्रास्फीति) में देरी के कारण ध्यान फेड अध्यक्ष पॉवेल पर है, जिन्होंने संकेत दिया था कि बढ़ते श्रम बाजार जोखिम एक और दर कटौती को उचित ठहराते हैं।उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को अपने ऋण भुगतान की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और उसका राष्ट्रीय ऋण बढ़कर 37 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है क्योंकि चीन ने रेयर अर्थ मेटल और मैग्नेट पर कड़े निर्यात प्रतिबंधों की घोषणा की है, जो इन महत्वपूर्ण संसाधनों के दुनिया के सबसे बड़े सप्लायर हैं। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीनी आयात पर मौजूदा 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिससे सोने की मांग में तेजी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अनुकूल परिस्थितियों के चलते सोने में लगातार आठ साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी निवेशकों के विश्वास और एफओएमओ की प्रबल भावना को बढ़ावा दे रही है, क्योंकि हर गिरावट का सामना आक्रामक खरीदारी से हो रहा है।

दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सबसे अधिक 11.7 मिलियन वर्गफुट रही

भारत का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स रियल एस्टेट क्षेत्र 2025 के पहले 9 महीनों में 28 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स (आईएंडएल) रियल एस्टेट क्षेत्र द्वारा लीजिंग 2025 के पहले नौ महीनों में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़ी है।

यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट और निवेश फर्म सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि समीक्षा अवधि के दौरान, शीर्ष आठ भारतीय शहरों - दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद - में कुल लीजिंग 37 मिलियन वर्ग फुट रही, जबकि पिछले साल यह 28.8 मिलियन वर्ग फुट थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल के पहले 9 महीनों के दौरान कुल लीजिंग गतिविधि में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सबसे अधिक 11.7 मिलियन वर्ग फुट रही, इसके बाद बेंगलुरु 5.7 मिलियन वर्ग फुट के साथ दूसरे और हैदराबाद 4.6 मिलियन वर्ग

फुट के साथ तीसरे स्थान पर था। कुल लीजिंग में इन तीनों शहरों की कुल हिस्सेदारी 59 प्रतिशत रही। मुंबई और कोलकाता क्रमशः 4.2 मिलियन वर्ग फुट और 3.8 मिलियन वर्ग फुट लीजिंग के साथ चौथे और पांचवे स्थान पर थे।सीबीआरई के अध्यक्ष और सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, यह मांग मुख्य रूप से थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) प्रदाताओं के विस्तार और क्विक कॉमर्स में बढ़त के कारण है।रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के पहले नौ महीनों के दौरान, आपूर्ति में 23.8 मिलियन वर्ग फुट की वृद्धि हुई, क्योंकि संस्थागत निवेशक-समर्थित डेवलपर्स ने अपना विस्तार जारी रखा। इसमें बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई की सामूहिक रूप से 62 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में, कुल औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स लीजिंग 10.4 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई, जिसमें थर्ड-पार्टी लीजिंग (3पीएल) कंपनियों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, इसके बाद ई-कॉमर्स कंपनियों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत और इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण फर्मों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी।रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि घरेलू कंपनियों ने कुल तिमाही लीजिंग में 68 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि ईएमईए कंपनियों की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत थी।

दिवाली पर पीएनबी ने दी बड़ी राहत

लेकिन साथ ही लागू कर दी शर्त जानना है बेहद जरूरी

नई दिल्ली। अगर आप पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक हैं और बैंक लॉकर का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। दिवाली से ठीक पहले,पीएनबी ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए लॉकर के किराए में भारी कटौती का ऐलान किया है। बैंक द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, नई दरें 16 अक्टूबर, 2025 को घोषित की गई हैं और ये 30 दिनों के बाद लागू हो जाएंगी। इसका मतलब है कि नवंबर के मध्य से ग्राहकों को अपने लॉकर के लिए पहले से कम किराया देना होगा। पीएनबी ने यह सुनिश्चित किया है कि इस कटौती का लाभ हर वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचे, इसलिए किराए में यह कमी ग्रामीण, अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) और शहरी सभी क्षेत्रों में लागू की गई है।

नई दरों के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे लॉकर का किराया 1000 से घटाकर 750 और मीडियम लॉकर का किराया 2500 से घटाकर 1900 कर दिया गया है। इसी तरह, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में छोटे लॉकर का किराया अब 1500 की बजाय 1150 और मीडियम लॉकर का किराया 3000 की जगह 2250 होगा। शहरी और मेट्रो शहरों के ग्राहकों को भी बड़ी राहत देते हुए, छोटे लॉकर का किराया 2000 से घटाकर 1500, जबकि मीडियम लॉकर का किराया 4000 से घटाकर 3000 कर दिया गया है। बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक और बड़ा बदलाव किया है। अब ग्राहकों को एक वित्तीय वर्ष में 12 बार लॉकर खोलने की सुविधा बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी। यदि कोई ग्राहक साल में 12 से ज्यादा बार लॉकर का उपयोग करता है, तो उसे हर अतिरिक्त विजिट पर 100 का शुल्क देना होगा।

नए लॉकर जारी करते समय ग्राहकों से इस शर्त पर लिखित सहमति भी ली जाएगी। पीएनबी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विशेष परिस्थितियों में बैंक को लॉकर तोड़ने का अधिकार होगा। यह कार्रवाई तब की जा सकती है जब ग्राहक की चाबी खो जाए और वह खुद लॉकर खुलवाने का अनुरोध करे। इसके अलावा, किसी सरकारी या प्रवर्तन एजेंसी द्वारा अदालत के आदेश पर भी लॉकर को खोला जा सकता है। साथ ही, यदि कोई ग्राहक नियमों का पालन नहीं करता है या लंबे समय तक बैंक के संपर्क में नहीं रहता है, तो भी बैंक को नोटिस प्रक्रिया पूरी करने के बाद लॉकर तोड़ने का अधिकार होगा।

फीफा रैंकिंग में भारत 136वें स्थान पर खिसका, स्पेन शीर्ष पर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फुटबॉल टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। पुरुष सीनियर राष्ट्रीय टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर खिसक गई है। नवंबर 2016 के बाद से भारतीय टीम का यह सबसे निचला स्थान है। शुक्रवार को जारी नई रैंकिंग ने भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

भारतीय टीम 2026 फीफा विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप दोनों की दौड़ से बाहर हो गई है। इंटरकांटिनेंटल कप, सैफ चैंपियनशिप और ट्राई-नेशन सीरीज में 2023 की जीत के बाद एक उभरती हुई टीम के रूप में देखी जाने वाली भारत की किस्मत पिछले एक साल में तेजी से गिरी है। इस साल

की शुरुआत में कतर में हुए एएफसी एशियन कप में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ग्रुप चरण में तीन हार के साथ बिन एक भी गोल किए टीम बाहर हो गई।

इसके बाद से टीम संघर्ष करती रही है। दो साल से कम समय में तीन मुख्य कोच बदल चुके हैं। सबसे पहले इगोर स्टिमैक को बाहर का रास्ता दिखाया गया, उनके बाद मनोलो मार्केज आए। इस साल की शुरुआत में खालिद जमील को जगह दी गई। जमील के नेतृत्व में प्रगति की झलकियां दिखाई देने के बावजूद, विशेष रूप से सीएएफए नेशंस कप के दौरान, एक मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट जहां भारत ने रणनीतिक सुधार दिखाया, प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में परिणाम निराशाजनक रहे हैं। टीम की किसी प्रतिस्पर्धी मैच में आखिरी जीत लगभग एक साल पहले नवंबर 2023 में कुवैत पर 1-0 की जीत के साथ हुई थी।

वैश्विक स्तर पर स्पेन ने फीफा पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जो विश्व कप विजेता अर्जेंटीना और तीसरे स्थान पर मौजूद फ्रांस से आगे है। इंग्लैंड, पुर्तगाल, नीदरलैंड, ब्राजील और बेल्जियम शीर्ष आठ में शामिल हैं। लक्जमबर्ग और उत्तरी आयरलैंड पर लगातार क्वालीफाइंग जीत के बाद जर्मनी दो स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि 2018 विश्व कप उपविजेता क्रोएशिया चेक गणराज्य के खिलाफ ड्रॉ के बाद 11वें स्थान पर खिसक गया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप : तन्वी शर्मा 17 साल में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

गुवाहाटी। तन्वी शर्मा 17 साल में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जापान की साकी मात्सुमोतो को हराकर लड़कियों के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 16 वर्षीय तन्वी ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा और अपने क्रॉस-कोर्ट स्लाइस हिट्स से विजयी गोल दागे और 47 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मात्सुमोतो को 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। इस क्वार्टर फाइनल ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विश्व जूनियर पदक जीतने वाली आखिरी भारतीय महिला

खिलाड़ी साइना नेहवाल थीं, जिन्होंने 2008 में पुणे में हुए टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। साइना, जिन्होंने 2006 में रजत पदक जीता था, और अपर्णा पोपट (1996 रजत) प्रतियोगिता के इतिहास में पोडियम पर पहुंचने वाली एकमात्र अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था, ने आक्रामक शुरुआत की और ऐसा लग रहा था कि वह नियंत्रण में हैं क्योंकि उन्होंने 10-6 की बढ़त बना ली थी। लेकिन गलतियों की झड़ी ने मात्सुमोतो को वापसी करने का मौका दिया और जापानी खिलाड़ी ने लगातार सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त तो बना ली, लेकिन गेम हारने से नहीं बच सकीं।यूएस ओपन की फाइनलिस्ट दूसरे गेम में अपने शॉट चयन को लेकर ज्यादा सहज थीं और उन्होंने 15-9 से जीत हासिल की। हालांकि, तीसरे गेम की शुरुआत में गलतियों ने उन्हें एक बार फिर पीछे धकेल दिया और उन्हें मुकाबला गंवाना पड़ा।

शॉटगन शूटिंग : जोरावर ने एथेंस विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली। जोरावर सिंह संधू ने 48 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैंपियनशिप शॉटगन 2025 में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। संधू ने ये खिताब अपना पहला सीनियर विश्व खिताब जीतने के 27 साल बाद जीता है। शुक्रवार को ग्रीस के एथेंस स्थित मलाकासा शूटिंग रेंज में निशानेबाजी करते हुए भारतीय निशानेबाज ने बारिश, परछाई और सबसे अनुपयुक्त बिब नंबर को पार करते हुए 50 शॉट के फाइनल में पहले 40 में से 31 निशाने साधे। वह पूर्व ओलंपिक चैंपियन और अब विश्व चैंपियन क्रोएशिया के जोसिप ग्लासनोविक (जिन्होंने 44 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता) और जूनियर विश्व चैंपियन स्पेन के एंड्रेस गार्सिया (जिन्होंने 39 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता) से पीछे रहे। मुकाबले के बाद जोरावर संधू ने कहा, यह एक शानदार अनुभव था। शूटिंग के लिए यह एक कठिन रेंज और कठिन परिस्थितियां थीं, लेकिन इसी वजह से हम यहां हैं। मैं अपने परिवार, अपने कोचों और टीम के साथियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष, कलिकेश नारायण सिंह देव ने परिणाम आने के बाद कहा, यह भारतीय निशानेबाजी के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें जोरावर ने हमें ट्रैप में केवल दूसरा व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने में मदद की।

सोनम खान ने मिथुन चक्रवर्ती के साथ शेयर की पुरानी यादें

अभिनेत्री सोनम खान भले ही अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आती हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए यादों को शेयर करती रहती हैं। उन्होंने शुक्रवार को मिथुन चक्रवर्ती संग तस्वीर पोस्ट कर उनके साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव बताए। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता के साथ तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने अभिनेता के व्यवहार की तारीफ करते हुए कैप्शन में लिखा, मिथुन न केवल एक सुपरस्टार बल्कि नेक दिलवाले इंसान हैं।

सोनम ने लिखा कि उनके करियर की शुरुआत में मिथुन के साथ एक फिल्म साइन करना उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने लिखा, मिथुन सर के साथ फिल्म साइन करने से पहले मेरी फिल्म रिलीज भी नहीं हुई थी और मैं उस समय इंडस्ट्री में नई थी। मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात थी क्योंकि मैं एकदम नई थी। सर की दयालुता की वजह से मुझे किसी ऑडिशन की भी जरूरत नहीं पड़ी। सोनम ने बताया कि वह मिथुन के साथ काम करने से पहले काफी नर्वस थीं, क्योंकि वह बचपन से उनकी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्हें मिथुन पर हल्का-सा क्रश था, जिससे उनकी घबराहट और बढ़ जाती थी। सोनम ने मिथुन की सादगी और उदारता की तारीफ करते हुए कहा कि उनका व्यवहार हमेशा दूसरों से अलग रहा है। सालों बाद कोयंबटूर हवाई अड्डे पर मिथुन से मुलाकात हुई, जब दोनों ऊटी जा रहे थे। मिथुन ने उन्हें अपने होटल द मोनार्क में सात कोर्स वाला लंच ऑफर किया। सोनम ने कहा कि मिथुन आज भी उतने ही विनम्र और सज्जन हैं, जितने वह उनके करियर के शुरुआती दिनों में थे। सोनम ने मिथुन को एक ऐसे सुपरस्टार के रूप में याद किया, जिनका दिल सोने जैसा है। अभिनेत्री सोनम खान और मिथुन चक्रवर्ती ने मिलकर तीन फिल्मों में काम किया है।

रिलीज हुआ तेरे इश्क में का टाइटल सॉन्ग

साउथ के सुपरस्टार धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरे इश्क में टीजर के रिलीज के बाद से ही छाई हुई है। फिल्म का टीजर इतना जबरदस्त है कि फिल्म के रिलीज का फैंस इंतजार नहीं कर रहे हैं। फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म का ट्रेलर अभी तक रिलीज नहीं हुआ है। फिल्म के बज के बीच फिल्म का पहला गाना वीडियो के साथ रिलीज कर दिया गया है। तेरे इश्क में फिल्म का पहला गाना तेरे इश्क में का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है। गाने में जहां धनुष अपने टूटे दिल और प्यार के जुनून को कृति के सामने रखते हैं, वहीं कृति का भी अलग रूप देखने को मिला है। फिल्म के टीजर में सिर्फ धनुष का जुनूनी अवतार देखने को मिला था, लेकिन नए गाने में कृति भी इश्क में धोखा खाई लड़की की तरह शराब का सहारा लेती दिख रही हैं। गाने में कृति शराब के नशे में चूर हैं तो धनुष एक्शन मोड में हैं। गाने के लिरिक्स भी दिल को छू जाने वाले हैं, गाने में फुल इमोशन और टूटे दिल की तड़प दिख रही हैं। बता दें कि टाइटल ट्रैक के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं और अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से गाने में जादू डाल दिया है।गाने को कुछ देर पहले ही रिलीज किया गया है और गाना सोशल मीडिया पर छा गया है। फैंस गाने से रिलेट कर रहे हैं और अपने टूटे दिल की कहानी बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ÷कृति और धनुष में प्यार के कुछ ज़्यादा ही रंग दिखा रहे हैं। मैं तो इस फिल्म का दीवाना हो गया हूं।÷एक दूसरे यूजर ने लिखा, गाने का एक-एक लिरिक्स गूजबंप लाने वाला है और अरिजीत सिंह की आवाज ने दिल जीत लिया।फिल्म में तेरे इश्क में धनुष और कृति सेनन के अलावा माहिर मोहिउद्दीन और सुशील दहिया जैसे एक्टर भी देखने को मिलेंगे। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और फिल्म 28 नवंबर को अलग-अलग भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म तमिल और हिंदी में रिलीज की जाएगी। फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने लिखी है।फिल्म के टीजर की बात करें तो टीजर में धनुष का अवतार जुनून और प्यार में धोखा खाए तड़पते आशिक जैसा है।



एक दर्जन फेस्टिवल ट्रेनें, फिर भी कंफर्म टिकट नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। एक दर्जन फेस्टिवल ट्रेनें चलाने के बाद भी बड़ी संख्या में यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में भीड़ कम नहीं पा रही है। दीपावली में ट्रेनों से घर जाना मुसाफिरों के लिए मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि डेढ़ माह पहले से एसी में बुक कराने के बाद टिकट कन्फर्म नहीं हो रहा है। एक दर्जन चल रही स्पेशल फेस्टिवल ट्रेनें भी पैक हो चुकी हैं। ऐसे में लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई, हावड़ा, गुजरात, हरियाणा, यूपी-बिहार रूट की ट्रेनें पैक हैं। यहां तक कि कई दिनों तक इन रूट की ट्रेनों में नो रूम की स्थिति है।

हाल ये है कि राजधानी से गुजरने वाली लंबी दूरी की नियमित एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं है। नवंबर के पहले हफ्ते तक लंबी वेटिंग है, तो कई ट्रेनों में दिवाली के बाद भी कई दिनों तक नो रूम की स्थिति हो गई है। अब तत्काल कोटे के भरोसे ही यात्री ट्रेनों में रिजर्वेशन की आस लगाए बैठे हैं।

भीड़ से निपटने नहीं बढ़ी स्पेशल ट्रेन

रेलवे की ओर से अलग-अलग रूट में एक दर्जन स्पेशल फेस्टिवल ट्रेन चलाई जा रही है, लेकिन अब इन ट्रेनों के एसी कोच में दिवाली के बाद भी कुछ दिनों तक खाली और वेटिंग की स्थिति है। स्लीपर कोच में भी वेटिंग है और कई दिनों तक नो रूम की स्थिति बनी हुई है। पूरे माह तक यह हाल बने रहने की संभावना है। इसके बावजूद रेलवे की ओर से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है।

माहभर पहले टिकट करने पर भी नहीं हो रहे कन्फर्म

विनोद जैन ने बताया कि उन्होंने डेढ़ माह पहले ही गाड़ी 20845 बिलासपुर-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एसी-2 टिकट बुक कराया था, उस दौरान 2 वेटिंग था। शनिवार को इनकी ट्रेन थीं, लेकिन चार्ट बनने के बाद भी टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया और आरएसी में चला गया। लंबी दूरी तक आरएसी में सफर करना मुश्किलों से भरा है।

त्योहार में घर जाना जरूरी

जगदीश नामक व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने गाड़ी 18237 में छत्तीसगढ़ में स्लीपर कोच में 15 दिन पहले ही भोपाल जाने के लिए टिकट बुक कराया था, पर शनिवार को उसका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया, वेटिंग ही रह गया। त्योहार के चलते उसे घर जाना जरूरी है, मजबूरन उसे उस गाड़ी में सफर करके जाना पड़ा।

त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़, फ्लाइटों का किराया हुआ दोगुना

रायपुर/नवप्रदेश। दिवाली त्योहार के चलते फ्लाइटों में किराया आसमान पर पहुंच गया है। हवाई यात्रियों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए किराए में 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। जहां दिवाली के पहले विभिन्न शहरों से रायपुर आने का किराया सामान्य से दोगुना से अधिक और त्योहारों के बाद वापसी के किराए में भारी अंतर है। ट्रैवल्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (टाफी) के प्रदेश कोषाध्यक्ष हिरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस समय अधिकांश फ्लाइटें फुल चल रही हैं। इसके चलते किराए में इजाफा हुआ है। त्योहारी सीजन में कामकाज और शिक्षा अध्ययन करने के लिए दूसरे राज्यों और विदेश जाने वाले अपने घर लौटते हैं। इसके कारण यात्रियों का आवागमन ज्यादा होता है। वहीं, अवकाश के बाद वापस लौटने वालों की संख्या अचानक बढ़ने के कारण ही किराए में अंतर आता है।

इतना किराया (रायपुर से)

शहर	सामान्य किराया	इजाफा
मुंबई	7800	15000
दिल्ली	6500	12000
हैदराबाद	5500	9500
भोपाल	7000	16000
पुणे	7500	10000

26 अक्टूबर के बाद होगा सामान्य

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि त्योहारी सीजन के बाद 26 अक्टूबर से विभिन्न शहरों से रायपुर आने का किराया सामान्य हो जाएगा। लेकिन यहां से दूसरे शहरों के लिए जाने का किराया 10000 से 18000 रुपए तक है। इसकी मुख्य वजह दिवाली के बाद लोगों के वापसी का सिलसिला शुरू होगा। इसे देखते हुए फेयर में काफी अंतर रहेगा।

रेलवे स्टेशन में आरपीएफ की मुस्तैदी आईजी-डीआईजी ने लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। दीवाली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अपनी तैनाती बढ़ाकर यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उठाई है। हाल ही में रायपुर रेलवे स्टेशन पर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने दौरा किया, जहां उन्होंने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आरपीएफ कमांडेंट और पोस्ट प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्टेशन पर तीन अतिरिक्त आरपीएफ इंस्पेक्टर और 30 से अधिक कर्मचारियों को बाहरी स्टेशनों से बुलाया गया है। रायपुर रेल मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) भी स्टेशन पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। उनकी उपस्थिति और सक्रियता से यात्रियों को सुरक्षित माहौल मिल रहा है। इसके अलावा, दुर्ग रेलवे स्टेशन पर भी आरपीएफ कमांडेंट ने निरीक्षण किया और यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने के दौरान किसी भी असुविधा से बचाने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया।

आरपीएफ ने सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सादे कपड़ों में कर्मचारियों को तैनात किया है। ये कर्मचारी गुप्त निगरानी कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यात्रियों का सामान चोरी न हो और भीड़ में कोई अव्यवस्था न हो। साथ ही, स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इन कैमरों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है, जिससे यात्रियों का विश्वास बढ़ा है।

त्यौहार की छुट्टियों के बीच नर्सिंग कॉलेजों में स्कूटनी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली की छुट्टियों के बीच नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए स्क्रूटनी और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश से अजीबो गरीब स्थिति निर्मित हो गई है। 19 अक्टूबर से स्क्रूटनी और 22 अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं। अब नर्सिंग के अभ्यर्थी दीपावली मनाना छोड़कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करने आएंगे, क्योंकि छुट्टियों में भी प्रवेश देने कहा गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेने स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश आज जारी किए। पूरी प्रक्रिया दीपावली की छुट्टियों में पूरी करनी होगी। 20 अक्टूबर को दीपावली और 21 को राज्य शासन ने अवकाश घोषित किया है। विभाग की समय सारणी के अनुसार स्क्रूटनी 19 अक्टूबर से शुरू होगी और 22 अक्टूबर तक आबंटित कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ठीक दीपावली के दौरान प्रवेश के निर्देश से अभ्यर्थियों और कॉलेज संचालकों में काफी नाराजगी है। निर्देश के अनुसार स्क्रूटनी की प्रक्रिया आबंटित संस्था में ही की जाएगी। प्रवेश उपरांत एडमिशन रिसिप्ट जारी होने पर ही प्रवेश मान्य होगा। स्क्रूटनी अथवा प्रवेश में नियम विरूद्ध अर्थात स्क्रूटनी अथवा प्रवेश में अपात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश एवं स्क्रूटनी में संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मंत्रियों को 'सहयोग केंद्र' में मिले हजार से ज्यादा आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा ने एक बार फिर गत 6 अक्टूबर से कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनने और उसके निराकरण को लेकर बोरियाकला स्थित भाजपा कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में सहयोग केंद्र की शुरुआत की। 6 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच दो सप्ताह में कुल 10 मंत्रियों ने आमद दी। इसमें सबसे ज्यादा करीब 300 आवेदन उपमुख्यमंत्री अरूण साव को मिले। वहीं सबसे कम 50 आवेदन मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को मिले।

प्रदेश भाजपा ने जिन 10 मंत्रियों की सहयोग केंद्र में ड्यूटी लगाई, उसमें केवल स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव निर्धारित समय से विलंब से पहुंचे और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बस्तर से लौटकर सीधे कार्यालय आए, जहां उन्होंने खड़े-खड़े कार्यकर्ताओं से आवेदन लिया और निराकरण के लिए फोन किया। चूंकि श्री शर्मा बस्तर में नक्सलियों के सरेंडर कार्यक्रम को लेकर पिछले तीन दिनों से व्यस्त थे, इसलिए उन्हें राजधानी लौटने में विलंब हुआ। आंकड़ों पर नजर डालें तो सहयोग केंद्र में कुल 1281 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें मंत्री टंकराम वर्मा को 100, गजेंद्र यादव को 200, केदार कश्यप को 81, गुरु खुशवंत साहेब को 50, दयालदास बघेल को 100, ओपी चौधरी को 100, अरूण साव को 300, श्याम बिहारी जायसवाल को 200, लक्ष्मी राजवाड़े को 150 और विजय शर्मा ने खड़े-खड़े ही लोगों से आवेदन लिये।

सालभर बंद रहने के बाद चालू हुआ सहयोग केंद्र

मालूम हो कि भाजपा कार्यालय का सहयोग केंद्र पूरे सालभर बाद शुरू हुआ है। राज्य की सत्ता में काबिज होते ही यह व्यवस्था बनाई गई थी, किंतु लोकसभा चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के चलते व्यवस्थित रूप से नहीं चल पाई। एक बार फिर सहयोग केंद्र का संचालन प्रारंभकिया गया है। दो सप्ताह का रिस्पांस देखकर इसे अनवरत जारी रखने का फैसला लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com